राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 चहल का चला जादू, झटके...

हेमंत की एफआईआर पर... 12



वर्ष : 11 | अंक : 294 | पटना, गुरुवार, 07 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 23°C

न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 66,460

चांदी 77,500

सेंसेक्स 74,085

निफ्टी 22,474

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी कोलकाता पहुंचते ही स्वामी स्मरणानंद को देखने अस्पताल पहुंचे

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार सुबह कोलकाता पहुंचे। वो सबसे पहले सीधे रामकृष्ण मिशन सेवा संस्थान रवाना हुए। वहां से रामकृष्ण मठ और मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज को देखने अस्पताल गए। प्रधानमंत्री मोदी ने डॉक्टरों से भी बातचीत की है। आज प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल को 15,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौदात देंगे। साथ भी बारासात में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### कार, बस की टक्कर में पाँच लोगों की मौत

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी में सिह गाँव के निकट बुधवार सुबह एक कार और रोडवेज बस की टक्कर में कर में सवार पाँच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार कार में सवार लोग रेवाड़ी के धरूहेरा में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर चरखी-दादरी लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के पुर्जे-पुर्जे हो गये। स्थानीय लोगों ने कार से लोगों को निकाला और ट्रॉमा सेंटर में ले गये, जहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित किया।

### आंध्र में सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े समेत पांच की मौत

नंद्याला, । आंध्र प्रदेश के नंद्याला जिले के नल्लागाटला गांव में बुधवार तड़के एक कार की लॉरी से हुई टक्कर में नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। अल्लागड्डा ग्रामीण सर्कल इंस्पेक्टर हनुमंत नाइक ने कहा कि नवविवाहित जोड़े और दूल्हे के माता-पिता सहित एक परिवार के पांच सदस्य हैदराबाद से तिरुमला मंदिर दर्शन के लिए गए थे। जब वे वापस हैदराबाद जा रहे थे तो उनकी कार ने एक लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रवींद्र, उनकी पी लक्ष्मी, उनके बेटे बालाकिरण, बहू काव्या और दूसरे बेटे उदय किरण की मौत हो गई। बालाकिरण और काव्या की शादी 29 फरवरी को हुई थी। यह परिवार हैदराबाद का निवासी था। कार का ड्राइवर लॉरी को देख नहीं सका और उसने लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**पीएम ने बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया अनावरण**

# जंगलराज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा गुनाहगार : मोदी

- कहा-डबल इंजन की सरकार से विकास कार्य में आई तेजी

प्रात : किरण

बेतिया/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालू परिवार पर फिर से जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जंगलराज लाने वालों को अपने परिवार की चिंता की। यहां के युवा नौकरी के लिए पलायन कर गए। और एक परिवार अपने ही बारे में ही सोचता गया। नौकरी के बदले वह जमीन लूटते गए। क्या ऐसे लोगों को माफ किया जा सकता है क्या? बिहार में जंगलराज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा गुनाहगार है। बिहार के युवाओं से उनका भाग्य छीन लिया। साथियों, एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवा को यहीं बिहार में नौकरी और रोजगार मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि मैं महर्षि वाल्मीकि की धरती और यहां के लोगों को प्रमाण करता हूं। यह वह धरती है जिसने मोहन दास को महात्मा गांधी बनाया। मैं आपलोगों से क्षमा मांगता हूं कि क्योंकि मुझे आने में विलंब हो गया। बंगाल में काफी समय लग गया। वहां 12 जिलों में रोड शो था। बिहार वह धरती है जिसने सदियों तक देश का नेतृत्व किया। जिसने एक से बढ़कर एक सच्चा वीर मां भारती को दिए। विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। डबल इंजन की सरकार से विकास कार्य में तेजी आ गई है। पीएम मोदी ने कई विकास योजनाओं को गिनाया। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी रिकॉर्ड संख्या में एम्स, आईआईटी बना रहा है। आज बिहार समेत पूरे देश में इथेनॉल प्लांट लगाए जा रहे हैं। एनडीए सरकार चाहती है देश के किसान समृद्ध हों। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से बेतिया के ही किसानों को 800 करोड़ से अधिक की राशि मिली है। परिवारवादियों को बेगूसराय के खाद कारखाने की चिंता नहीं हुई। मोदी ने गारंटी दी कि इसे चालू करवाने की। आज इसकी शुरूआत से कई युवाओं को रोजगार मिल रहे। आज इंडी गठबंधन के निशाने पर खुद भगवान राम भी आ गए। इंडी गठबंधन के लोग जिस तरह प्रभु श्रीराम और उनके मंदिर के बारे में बोल रहे, वह पूरा बिहार देख रहा है। यही परिवारवादी है, जिसने वर्षों तक रामलला को टेंट में रखा। यह क्षेत्र प्रकृति प्रेमी थारू जनजाति का क्षेत्र है। आज अगर भारत प्रकृति की रक्षा विकास कर रहा है तो इसके पीछे थारू जैसी जनजाति की प्रेरणा है। देश को तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, गरीबी खत्म करने के लिए, युवाओं को एनडीए, एक करोड़ घर में सोलर पैनल लगाने के लिए, देश के हर इलाके में वंदे भारत चलाने के लिए, विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के लिए एनडीए जरूरी है। भारत माता की जयकारे के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन समाप्त किया।



आज भी लालटेन की लौ के भरोसे जी रहे इंडी गठबंधन के लोगः पीएम मोदी ने कहा कि विकसित बिहार के लिए मोदी की गारंटी मैं यहां के युवाओं को दे रहा हूं। भोजपुर में भाषा में उन्होंने कहा कि ‟मोदी की गारंटी” यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। राजद, कांग्रेस और इंडी गठबंधन आज भी 20वीं सदी की दुनिया में जी रहा है। हम सोलर लगाने की बात करते हैं। इसको लेकर विकास योजनाओं का शुभारंभ करते हैं लेकिन इंडी गठबंधन के लोग आज भी लालटेन की लौ के भरोसे जी रहे हैं। आज जब मोदी इनकी सच्चाई बता रहा है तो यह मुझे गालियां देते हैं। यह लोग कहते हैं मोदी का परिवार नहीं है। यह लोग कहते हैं कि इंडी गठबंधन के परिवारवादी नेताओं को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कट्टर समर्थक आज बापू, लोहिया और बाबा साहेब को भी कटघरे में खड़ा करते हैं। इन लोगों ने भी अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बचपन में ही घर छोड़ दिया। छठ, दिवाली में पूरे बिहार के लोग अपने घर आते हैं। लेकिन, मोदी पर्व में अपने देशवासियों के साथ रहता है। आज पूरा देश कह रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार।

## 12,800 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण

बेतिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बेतिया में एक समारोह के दौरान विकसित भारत-विकसित बिहार के तहत परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने मुजफ्फरपुर-मोतिहारी तक 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने मोतिहारी में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और भंडारण डिपो का भी लोकार्पण किया। यह नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए एक रणनीतिक आपूर्ति बिंदु के रूप में भी कार्य करेगा। यह उत्तर बिहार के आठ जिले पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी को सेवा प्रदान करेगा। मोदी ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और देवरिया में सिटी गैस वितरण परियोजना और एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड के सुगौली और लौरिया में अनाज आधारित इथेनॉल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28ए के पिपराकोठी-मोतिहारी-रक्सौल खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-104 के शिवहर-सीतामढ़ी खंड के दो लेन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने दीघा-सोनेपुर रेल-सह-सड़क पुल के समानांतर गंगा पर छह-लेन केबल पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 बाईपास के बाकरपुर हाट-मानिकपुर खंड के चार-लेन की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने बापूधाम मोतिहारी-पिपराहां तक 62 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया और उन्होंने अन्य कार्यों के अलावा नरकटियागंज-गौनाहा आमान परिवर्तन का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 96 किमी लंबी गोरखपुर कैंट-वाल्मीकि नगर रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण तथा बेतिया रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने नरकटियागंज-गौनाहा और रक्सौल-जोगबनी के बीच दो नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई।

### जदयू ने विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारियों की सूची जारी की

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारियों की सूची जारी की। युवा प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, महिला प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व मंत्री रंजू गीता, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व मंत्री श्सतोष कुमार निराला और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रभार पूर्व मंत्री लक्ष्मीमेश्वर राय को दिया गया। श्री कुशवाहा ने प्रकोष्ठ के नव-मनोनीत प्रभारियों को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है की नवमनोनीत प्रभारिगण पार्टी के प्रकोष्ठों को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान देंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशानुसार संगठन के प्रति समर्पित, अनुभवी और निष्ठावान पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। निश्चित रूप से संगठन को इसका व्यापक लाभ होगा।

## रेलवे नौकरी के बदले जमीन मामला: सीबीआई ने दिल्ली की अदालत के समक्ष पूरक आरोपपत्र किया दाखिल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सीबीआई ने रेलवे में कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में बुधवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के कई सदस्यों से जुड़ा है। अंतिम रिपोर्ट तीन व्यक्तियों के खिलाफ विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दायर की गई। आरोपियों में दो उम्मीदवार झ्र अशोक कुमार और बबीता के अलावा भोला यादव भी शामिल है। भोला यादव लालू प्रसाद के निजी सचिव थे। न्यायाधीश 14 मार्च को इस बात पर विचार करेंगे कि आरोप पत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। अदालत ने 28 फरवरी को मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को जमानत दे दी थी। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद के कार्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य जोन में ग्रुप-डी नियुक्तियों से संबंधित है, जिसके बदले में भर्ती हुए व्यक्तियों द्वारा जमीन राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार या सहयोगियों को कथित तौर पर उपहार में दी गई या उनके नाम हस्तांतरित की गई। एजेंसी ने मामला 18 मई, 2022 को प्रसाद और उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया था।




**2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कई योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

# सीएम नीतीश ने किया भवन निर्माण एवं उद्योग विभाग की 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुदान के प्रथम किस्त का भी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 लाभुकों अजय कुमार, शमशाद हुसैन, एम फातिमा, नंदन कुमार एवं दीपा कुमारी को प्रथम किस्त के रुप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग की 1 हजार 68 करोड़ रुपये की लागत से कुल 75 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 40 हजार 102 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपये की दर से अनुदान उपलब्ध कराया गया। उद्योग विभाग द्वारा 447 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 621 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 42 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। बिहार लघु उद्यमी : कार्यक्रम के दौरान बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि का वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु कुल 40 हजार 102 लाभुकों का चयन किया गया है। सभी चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 50 हजार रुपए का चेक उपलब्ध कराया गया।

भवन निर्माण विभाग की 06 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास : कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग की 1 हजार 441 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 1 हजार 374 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 1 योजना का शिलान्यास किया गया। भवन निर्माण विभाग की लोकार्पित की जा रही योजनाओं के अंतर्गत वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह शामिल हैं। 120 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री द्वारा इसका शिलान्यास 05 मई 2022 को किया गया था। दो तल वाले इस सभागार में 500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला अत्याधुनिक प्रेक्षागृह, ग्रीन रूम, अतिविशिष्ट कक्ष, भोजनालय, बहुद्देशीय हॉल एवं एक बड़ा सभागार है। इस भवन में 02 लिफ्ट भी लगाई गई हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त अतिथि गृह में 01 अति विशिष्ट सुइट, 05 सुइट, 27 सुपर डीलक्स एवं 30 डीलक्स कमरे, 25 सामान्य कमरे तथा 40 बेड की डॉरमेट्री है। बोधगया में 136 करोड़ रुपये की लागत से माया सरोवर एवं महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र के निकट 5 एकड़ भू-खण्ड पर राज्य अतिथि गृह बनाया गया है। इस 08 मंजिले राज्य अतिथि गृह में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 90 कमरे हैं, जिसमें 10 सिंगल बेड, 78 डबल बेड तथा 02 प्रेसिडेंसियल सुइट हैं। अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित इस अतिथि गृह में रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल, जिम, फिटनेस सेंटर, स्विमिंग पूल, स्पा तथा लिफ्ट भी शामिल हैं।



### लखनऊ में शार्ट सर्किट से दंपति समेत पांच की मौत

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे दो गैस सिलेंडर चपेट में आने से तेज धमाके के साथ फट गए। इस विस्फोट में मकान की छत ढह गई और उसकी चपेट में आकर पति-पत्नी और तीन बच्चों की मौत हो गई है जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाकर रेस्क्यू करते हुए झुलसे लोगों को बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। काकोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हाता हजरत साहब कस्बा में रहने वाले मुशीर के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से दो सिलेंडरों में बीती रात ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की चपेट में आकर परिवार के नौ लोग घायल हो गए। धमाके के साथ में मकान में लगी आग की सूचना पर थाना पुलिस और अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रेस्क्यू कर आग पर काबू पाया और घटना में गंभीर रूप से झुलसे लोगों को निकालते हुए इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान पांच लोगों की मृत्यु हो गई। चार लोग घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक मुशीर अली जरदोजी का काम करने के साथ-साथ पटाखा का भी कारोबारी था।

## खान एवं भूतत्व विभाग में बनेगा कंट्रोल कमांड सिस्टम : विजय

- सीसीटीवी कैमरा से होगी घाटों की निगरानी
- नियमों के उल्लंघन और व्यवस्था में छेड़छाड़ पर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खान एवं भूतत्व विभाग में जल्द ही सेंट्रल कंट्रोल कमांड सिस्टम की स्थापना होगी। इसके तहत सीसीटीवी कैमरों से घाटों की निगरानी की जायेगी।साथ ही ओवरलोडिंग गाड़ियों को चिन्हित कर उसपर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने अपर मुख्य सचिव परमार रवि मनुभाई एवं विभागीय सचिव धर्मेन्द्र सिंह के साथ मंगलवार को बैठक कर यह निदेश दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्षों से अवैध बालू खनन की समस्या के मद्देनजर प्रत्येक बालू घाट की निगरानी के लिये पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी जायेगी। कंट्रोल कमांड सिस्टम की मदद से ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं तथा इसके निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाया जायेगा साथ ही इस दौरान सड़क और पुल के क्षतिग्रस्त होने की समस्याओं से भी छुटकारा मिल पायेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि अवैध खनन के मामले प्रतिवेदित होंगे तो संबंधित पदाधिकारी को ज़िम्मेदार ठहराया जायेगा और उनपर दंडात्मक कार्रवाई होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नये प्रबंध के तहत नियमों के उल्लंघन एवं व्यवस्था में छेड़छाड़ करने पर कार्रवाई की जायेगी। संबंधित थाना भी अवैध खनन के लिए जिम्मेवार होंगे। जाँच के लिये धावा दल को स्थानीय पुलिस का आवश्यक सहयोग की भी बाध्यता होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव परमार रवि मनुभाई एवं सचिव धर्मेंद्र कुमार ने उपमुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि नई व्यवस्था लागू करने हेतु जल्द कार्रवाई की जायेगी।



# कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज, जल्द होगी उम्मीदवारों की घोषणा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बृहस्पतिवार को बैठक होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई जाएगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सीईसी की बैठक सात मार्च को शाम छह बजे होगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने वाली कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक 7 मार्च को शाम 6 बजे होगी। सीईसी की बैठक में विभिन्न स्कीनिंग कमेटी द्वारा भेजे नामों में से उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई जाती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और कुछ अन्य राज्यों के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हो चुकी हैं। सूत्रों का कहना है कि सीईसी की बैठक में करीब 100 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार होगा और प्रत्याशियों की पहली सूची कुछ दिनों के भीतर जारी हो सकती है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा था कि सात मार्च को सीईसी की बैठक के बाद लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की घोषणा होने की उम्मीद है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी के अलावा समिति में शामिल अन्य नेता बैठक में शिरकत करेंगे। कांग्रेस ने अभी तक आम चुनाव के लिए किसी उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की है।



**बैठक** | **विदेश मंत्री ने की 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की सह-अध्यक्षता**

# प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा बनाएं रखना दोनों देशों का कर्तव्य : जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/सोल/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। डॉ जयशंकर सोल पहुंचने के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है ताकि द्विपक्षीय संबंधों को और समकालीन बनाया जा सके। विदेश मंत्री ने कहा, दो देशों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने विचारों में बढ़ती समानता देखी। उन्होंने कहा, भारत-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना एक अच्छा मसला है और इस क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि बनाएं रखना दोनों देशों का कर्तव्य है। उन्होंने अपने समकक्ष यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक की सह अध्यक्षता करने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। विदेश मंत्री ने कहा, अब हम दोनों देशों के संबंध को और अधिक महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, हरित हाइड्रोजन, मानव संसाधन गतिशीलता, परमाणु सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन आदि जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने में बहुत रुचि लेंगे। डॉ जयशंकर ने इससे पहले सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा, बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढाने, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यापार, आपसी आदान-प्रदान और सांस्कृतिक सहयोग के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। साथ ही त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की बात भी कही गई। उन्होंने कहा, भारत-प्रशांत क्षेत्र के विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति आपसी सहमति और क्षेत्रीय हित और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मैं जानता हूं कि हमारे बीच जबरदस्त सद्भावना है। हमारी चुनौती इसे व्यावहारिक परिणामों में तब्दील करना है। उल्लेखनीय है कि डॉ जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में आज सोल में हैं। विदेश मंत्री गुरुवार को जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा के साथ 16वें भारत-जापान विदेश मंत्री की रणनीतिक वार्ता में भाग लेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्चा करने और स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत-प्रशांत के लिए सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान करने की उम्मीद है।



# दानापुर विधानसभा वैश्य यूनाइटेड फ्रंट की बैठक हुआ आयोजित

## वैश्य नेता एवं कार्यकर्ताओं की अपेक्षा होगी तो वैश्य समाज इसका आगामी चुनाव में भी करेगा विरोध

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर। विधानसभा वैश्य यूनाइटेड फ्रंट की बैठक भाजपा के कद्दावर नेता रहे दिवंगत अशोक जायसवाल के निवास स्थान गोला पर आहूत की गई जिसमें दानापुर वैश्य समाज के प्रबुद्ध गणमान लोग तथा भारतीय जनता पार्टी के संबंधित प्रांतीय एवं पटना जिला ग्रामीण तथा दानापुर विधानसभा के विभिन्न मंडल स्तरीय कार्यकर्ता ने उक्त बैठक में भाग लिया ।

बैठक में आगामी लोकसभा के चुनाव में पाटलिपुत्र के वैश्य परिवार के मतदाताओं को संगठित होकर किसी भी एक दल के पक्ष मे मतदान करने तथा पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में वैश्य नेताओं एवं कार्यकताओं की पटना जिला ग्रामीण भाजपा संगठन ऐवम स्थानीय सांसद के द्वारा घोड़ उपेक्षा का भी मुद्दा प्रभावी रहा जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पारम्परिक वोटर होते हुए भी अगर वैश्य नेता एवं कार्यकताओं की अपेक्षा अगर होती रही तो वैश्य समाज इसका आगामी चुनाव में भी विरोध करेगा जैसा की पिछले दानापुर विधान सभा चुनाव मे वैश्य समाज ने अपनी समाज के तरफ से उम्मीदवार को मैदान में उतारा था, उसी तरीके से इस बार भी अपना उम्मीदवार देने पर भी विचार कर रही है ताकि वैश्यों की मान सम्मान की रक्षा की जा सके उक्त बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीशंकर प्रसाद, सुरेंद्र चौरसिया, विजय कुमार भोटी (जिला मंत्री भाजपा पटना ग्रामीण, अविनाश गुप्ता (प्रदेश कर्समिति सदस्य इखढ, मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार उर्फ.मुटूर, छावनी परिषद् उपाध्यक्ष आशा देवी, राजेश कुमार (पूर्व वार्ड पार्षद), मुन्ना नेता, गुंजन जसवाल, शशि रंजन, शशि सोनी, वीरेंद्र प्रसाद, अर्जुन सोनी, दीपक शर्मा, विमल गुप्ता, अमर गुप्ता, दिनेश निराला, संदीप, कन्हैया गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 5 दिनों में 65 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया : सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बेतिया में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री पर कमेंट करते हैं कि मोदी जी का परिवार नहीं है।

लोग सोचते हैं उनकी तरह उनका बेटा, उनकी बेटी, उनकी पत्नी , दूसरा बेटा दूसरी बेटी ही राजनीति है, लेकिन मोदी जी के लिए तो 140 करोड़ जो देशवासी है और 14 करोड़ बिहारी है वही उनका परिवार है। जनसभा के मंच पर बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि चंपारण की इस धरती पर, भगवान लवकुश की इस धरती पर मैं दोनों हाथ फैलाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी का स्वागत करना चाहता हूं। इस विकसित भारत विकसित बिहार कार्यक्रम के माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी बिहार में लगभग 20 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जो भी कमिटमेंट किया वह पूरा भी किया। 2014 मे 530 संकल्प लिया गया था, जिसमे से 529 संकल्पों यानी 99.99% पूरा किया। 2019 के चुनाव के दौरान 234 संकल्प लिए जिसमे से अभी तक 222 यानी 95% संकल्प पूरे कर दिए।

आपने जिस तरह से गरीब कल्याण के लिए मोदी की गारंटी दी वैसे ही बिहार के लोग देश और बिहार को विकसित बनाने के लिए एनडीए को 400 पार करने में बिहार के लोग भी तैयार हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पांच दिनों के अंदर 65 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में और आपके आशीर्वाद से हमलोगों ने तय किया है कि बिहार में किसी भी कीमत पर माफियाओं को स्थापित नहीं होने देंगे। चाहे वह बालू माफिया हो, जमीन माफिया हो या शराब माफिया हो उसे बिहार छोड़कर जाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री को विशेष तौर पर धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने बिहार की जनता को इतना बड़ा सौगात देने का काम किया है।

# संक्षिप्त खबरें

### बंद फ्लैट में लाखों की हुई चोरी

दानापुर। नगर के अंतर्गत रूपसपुर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर में श्रीराम कम्पलेक्स के बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरो ने करीब तीन लाख के जेवरात आदि सामान ले भागे। सूचना पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में लगी है। सीसीटीवी में एक युवक फ्लैट में प्रवेश करते दिखा है। जिसकी पहचान करने में पुलिस लगी है। इस बाबत फ्लैट मालिक अनु ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। बताया जाता है कि रूपसपुर के सिद्धार्थनगर स्थित श्री राम कम्पलेक्स के फ्लैट संख्या 301 में निशांत वर्मा परिवार के साथ रहते है। विगत 4 फरवरी को आसनसोल गये थे पत्नी मायके गई थी फ्लैट में ताला बंद था। निशांत ने बताया कि कल रात वो लौट रहे थे। तभी पत्नी ने सूचना दी कि उनके फ्लैट का ताला खुला है। सूचना पर पत्नी पहुंची तो पाया कि ताला टूटा है। अंदर का सारा सामान फैला है। अंदर आलमीरा में रखा जेवरात आदि सामान गायब थे। उन्होने बताया कि करीब तीन लाख के सामान जेवरात गायब है। सीसीटीवी कैमरे में बीते रात करीब 02:13 में एक युवक फ्लैट में घुसते कैद हुआ है। इस संबंध में स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि बंद फ्लैट का ताला तोड़ चोरी की घटना घटी है। छानबीन की जा रही है।

### अज्ञात शव बरामद

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत दानापुर रेलवे स्टेशन के पूरब 552/5 अप लाइन के पास अज्ञात मृतक पुरुष भिखारी देखने में लगता है उम्र लगभग 49 वर्ष किसी चलती ट्रेन से गिरकर हाथ पैर टूटने व गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण मृत्यु हुआ है रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया। फिलहाल शव की शिनाख्त नही हो सका है। रेल थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 49 वर्ष प्रतित होता है। शव की शिनाख्त नही हो सका है। फिलहाल शव को सुरक्षित रखा गया है।

### प्लेटफॉर्म से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर नगर के अंतर्गत। विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1पर पश्चिमी छोड़ के पास प्लेटफार्म पर एक मैरून कलर का ट्रॉली बैग से अंग्रेजी शराब लावारिस हालत में बरामद किया। रेल पुलिस ने उस बैग से 14 बोतल रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब जिसमें कुल मात्रा 10,50 लीटर अंग्रेजी शराब थे। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह के लिखित ब्यान पर मामल दर्ज किया है।

### 30 लीटर विदेशी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

फतुहा। बीते मंगलवार को भी दिनदहाड़े चेन पुलिंग कर ट्रेन से विदेशी शराब की एक खेप उतारी गयी। यह घटना गढोचक गांव के पास की है। जैसे ही इस बात की जानकारी नदी थाना पुलिस को हुई तो वह तत्काल रेलवे ट्रैक के किनारे पहुंची। दो धंधेबाज ट्रेन से दो पिट्ठू बैग लेकर उतर कर गंतव्य स्थान की ओर जाने लगे। पुलिस को देखते ही दोनों धंधेबाज बैग छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने बैग से विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब की कुल 30 लीटर बरामद की गयी। इसकी अनुमानित कीमत करीब साठ हजार रुपए आंकी गयी है। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि दोनों धंधेबाज की पहचान कर ली गयी है।

### जीविका दीदी से बदमाशों ने पचास हजार रुपए झपटे

फतुहा। बुधवार को सोनारु मोड़ के समीप एक जीविका दीदी से बाइक सवार बदमाशों ने पचास हजार रुपए रखे बैग को झपट लिया तथा फोरलेन की ओर फरार हो गये। घटना से हतप्रभ जीविका दीदी थाने पहुंची तथा बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत मिलने पर पुलिस बैंक पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज भी जांच की लेकिन बदमाशों का कुछ पता नही चला। बताया जाता है कि पीड़ित जीविका दीदी सोनारु गांव निवासी संजय चौधरी की पत्नी सुनीता देवी है जो बुधवार को स्थानीय एसबीआई शाखा से पचास रुपए की निकासी की।

### शिक्षकों के मन से निकलती जा रही है के के पाठक की खौफ

पालीगंज/ बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाने के बाद एक कड़क पदाधिकारी का खौफ शिक्षकों के मन से निकलती जा रही है। इसी तरह की मामला पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के नेरिया गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय की है जहां शिक्षण कार्य अवधि में बुधवार को एक विद्यालय के शिक्षक का जन्मदिन पार्टी सभी शिक्षकों की ओर से केक काटकर मनाया गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के नेरिया गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की की गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर, खगौल। महाशिवरात्री ।को लेकर थाना के प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गई थाना अध्यक्ष सुनील कुमार के अध्यक्षता में की गई जिसमे जन प्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोग शामिल हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि महाशिवरात्रि पर डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध लगा रहेगा। और किसी भी तरह के व्यक्ति पर सक लगे तो तुरंत थाना को सूचित करे खास तौर पर उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्व ध्यान देना रखना जो भीड़ का फायदा उठा कर गलत काम कर देते हैं इस लिए पूजा कमिटी को बोला गया हैं की दोनो पर्व हुड़दंगियों पर नजर रखने एवं तुरंत सूचना देने की बात कही पूजा आयोजक से महाशिवरात्रि के आवेदन प्राप्त होने पर उनको नियमानुसार लाइसेंस प्रदान कराया जाएगा ' नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि को देखते हुए खगौल में जितने भी साफ-सफाई की व्यवस्था है तुरंत किया जाएगा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आने जाने वाले और पूजा करने वाले को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो धर्म प्रेमी संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ बिट्टू , एवम व्यवस्थापक चंदू प्रिन्स ने कहा कि जुलूस का लाइसेंस प्राप्त होने पर ही भव्य जुलूस का आयोजन किया जाता है ' वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस बल अतिरिक्त मात्रा में तैनात रहेगी उन्होंने कहा कि पुलिस बल जुलूस में मौजूद रहेंगे इस मौके पर अपर थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, धनंजय कुमार वकील राम, केके पाठक नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार कुमार समाजसेवी अजय कुमार यादव , वार्ड पार्षद पिंटू कुमार , वार्ड पार्षद महेंद्र सिंह, आरती कुमारी, समेत कई लोग मौजूद थे।'

# 133 कार्टन विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी पर से छह चक्का ट्रक से करीब 133 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक में विभिन्न प्रकार की दवाएं और सिरप भी लदा हुआ था। इस संबंध में सहायक आयुक्त (उत्पाद) प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पहाड़ी पर एक ट्रक खड़ा है, जिस पर बीच में शराब और उसके ऊपर एवं पीछे में दवा लोड किया हुआ है। इसके बाद सहायक उत्पाद आयुक्त ने टीम का गठन किया, जिसमें उनके अलावा उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार, एएसआई विद्यानंद, शशि ऋषि के अलावा पुलिस बल को शामिल किया गया। बताए गए स्थान पहाड़ी पर उत्पाद विभाग की टीम पहुंची। यहां खड़े ट्रक के चालक और खलासी को पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें दवा की आड़ में छुपा कर शराब रखा हुआ था। ट्रक को उत्पाद थाना परिसर में लाया गया। उक्त ट्रक में विभिन्न प्रकार की दवाइयां भी लोड थीं। इसमें टैबलेट्स, कैप्सूल और सिरप भी था। पुलिस ने छह पहिया वाला ट्रक, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर सीएच 01टीए, 8793 लिखा हुआ था को जब्त कर लिया। साथ ही उस पर लदे 133 कार्टन शराब, जिसमें 1601 बोतल और कुल मात्रा 1197 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। गोपालगंज का रहने वाला चालक आदित्य राम और खलासी विकास कुमार ठाकुर से उत्पाद विभाग की टीम पूछताछ कर रही है।

# सुनीति नेत्रदान कर दूसरों के जीवन में दे गए रोशनी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान की देन रहा कि पटना सिटी व्यवहार न्यायलय में कार्यरत नालापर जीतू प्रसाद लेन के निवासी प्रभाकर श्रीवास्तव (पेशकार) की धर्मपत्नी सुनीती देवी का निधन हो गया। दधीचि देहदान समिति के लोगों के द्वारा पहल की गई। प्रभाकर श्रीवास्तव ने परिजनों से परामर्श करने के बाद परिवार ने नेत्रदान कराने को तैयार हो गए। ऐसा निर्णय ले पीड़ित मानवता की सेवा में एक मिसाल कायम किया गया।

प्रभाकर श्रीवास्तव सहित परिवार की सहमति एवं दधीचि देहदान समिति के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव एवं सदस्य गोविंद कनोडिया की पहल से नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र अधिकोष की टीम को सूचित किया गया। यहां से टीम पहुंची और आंख से कॉर्निया निकालने का काम किया। अब मृतका करीब 55 साल की सुनती देवी की आंखों से दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। मृत्यु निश्चित है, परन्तु इसके बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है- नेत्रदान। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कारक के निर्देश पर नेत्र चिकित्सक विशेषज्ञ डॉ अभिषेक, डॉ खालिद एवं उनकी टीम ने कॉर्निया लेने की प्रक्रिया को पूरा किया। एनएमसीएच के डॉक्टर एवं समिति के पदाधिकारी ने नेत्रदानी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति नेत्र अधिकोष के सभी पदाधिकारियों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर, स्वर्गवासी को पुष्प निवेदित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। समिति के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि मृत्यु को जीवन का अंत न बनाएँ, संकल्प लेकर नेत्रदान/अंगदान/देहदान करने का संकल्प ले और महर्षि दधीचि की इस परपंरा को अपनाकर पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दे।

इस पुनीत कार्य पर दिवाकर श्रीवास्तब, रत्नाकर श्रीवास्तब, अधिवक्ता श्यामल श्रीवास्तब, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जमुई के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में जमुई जिला को पहला स्थान प्राप्त होने पर सभी जमुई की जनता के प्रति अभार जताया और उन्हे बधाई दी है। श्री चिराग ने कहा कि ह्लनीति आयोगह्व की रिपोर्ट में देश के 114 आकांक्षी जिलों में जमुई को पहला स्थान मिलना जमुई जिलावासियों के लिए गर्व की बात है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन होने से यह उपलब्धि मिली है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से जनहित में लागू की गई। मुद्रा लोन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना और बैंक खाता में आधार सीडिंग के मामले में जमुई ने रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। यह कामयाबी आप सभी जमुईवासियों के सहयोग से संभव हो पाया है। इसके लिए मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और ह्दयतल की गहराइयों से बधाई देता हूं। आगे भी जमुई के सतत विकास के लिए कृतसंकल्प रहने का वादा है मेरा, क्योंकि जमुई ने मुझे राजनतिक पहचान दी। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

# वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने मचाया धमाल

प्रात :किरण संवाददाता




पटना सिटी, (प्राकि)। शिक्षा के मंदिर में जहां छात्र पढ़ाई करने जाते हैं, वहां यदि गीत, संगीत एवं नृत्य पेश करने का मौका मिल जाए, तो फिर कहना ही क्या है। सदर गली के बाग कालू खां स्थित पारलेंस पब्लिक स्कूल में यही देखने को मिला। वार्षिक महोत्सव के अवसर पर यहां छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं भाषण का प्रदर्शन कर अभिभावक को एवं मौजूद अतिथियों का मन मोहने का काम किया। छात्र-छात्राओं में आलिया ऑफिसर सदफ मुस्कान अर्शी मोबसार जॉय जुनैद अमन मुमताज जी नाथ सईया फरहान फिरदौस आदि थे कार्यक्रम का संचालन फरहीन फातिमा आलिया एवं मो इमरान ने किया इस दौरान शिक्षाविद विजय कुमार सिंह एवं सिराज अनवर के द्वारा बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया विद्यालय की प्राचार्य फरजाना नाच एवं निदेशक प्रवेश अहमद ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित किया।

# छात्रा को युवक जबरन ले गया, राजीव नगर से बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने कॉलेज गई छात्रा को युवक के द्वारा जबरन अपने साथ ले जाने की सूचना मिली। पिता के द्वारा मामले की जानकारी दिए जाने के साथ ही पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि छोटी नगला की रहने वाली छात्रा सुबह में किला रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज में पढ़ने को गई थी। इस दौरान छात्रों ने बुधवार को दोपहर करीब एक बजे परिवार वालों को कॉल कर बताया कि आपकी बच्ची को एक लड़का जबरन अपने साथ ले जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पिता ने जब बेटी को कॉल किया, तब रोती हुई वह पूरे मामले की जानकारी दी।

# अपराध की योजना बनाते तीन गिरफ्तार, दो हुआ फरार

## एक देसी कट्टा, गोली, दो चापर व दो मोबाइल बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आलमगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नीम की भट्टी स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास छापेमारी की। इस दौरान अपराध की योजना बनाते तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक कारतूस, दो चापर और दो मोबाइल बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि नीम की भट्टी के विश्वकर्मा मंदिर के पास कुछ अपराधी अपराध की योजना को लेकर जुटे हुए हैं। उन सबों के पास हथियार वगैरह भी है। इस सूचना के आधार पर गश्ती में रहे एएसआई मो सज्जाद खान और क्विक मोबाइल के सिपाही वहां पहुंचे। इस दौरान वहां पांच अपराधी मौजूद थे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। तब पुलिस ने दौड़ा कर तीन को पकड़ने में सफल रही, जबकि दो भागने में सफल रहा। पकड़े गए लोगों में सादिकपुर सराय थाना आलमगंज का रहने वाला मो शहबाज पिता मो त्सव इशाक, सलाउद्दीन पिता मो नरुउद्दीन और सादिकपुर पुलिस चौकी के पीछे पश्चिम दरवाजा का रहने वाला प्रमोद कुमार उर्फ श्री स्टार पिता स्वर्गीय लाल बिहारी राय शामिल है। इन तीनों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक कारतूस, दो चापर और दो मोबाइल बरामद किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मोहम्मद शाहबाज हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वहीं सलाउद्दीन बाइक चोरी के साथ पकड़ा गया था और जेल भी जा चुका है। प्रमोद कुमार उर्फ श्री स्टार का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस संबंध में आलमगंज थाना में कांड संख्या 187/24 दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार तीनों से पूछताछ की है। साथ ही दो फरार लोगों का नाम-पता भी लिया गया है। गिरफ्तार तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# तीन विद्यालय व अस्पताल बचाने को आज डीएम का करेंगे घेराव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राजकीय मध्य विद्यालय चौघड़ा, राजकीय मध्य विद्यालय कसबा करीमाबाद, प्राथमिक विद्यालय उदरहवांपुर व अस्पताल को हटाने एवं विद्यालय भवन को जमींदोज करने के शिक्षा विभाग तथा जिलाधिकारी के आदेश के विरुद्ध धारावाहिक आदोलन जारी है।

इसी कड़ी में विद्यालय, अस्पताल तथा गैरमजरुआ भूखंड बचाओ संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम के साथ बैठक करीमाबाद में नागरिकों, छात्र के अभिभावकों की हुई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विद्यालय, अस्पताल तथा प्लाट संख्या 1998, खाता संख्या 627 की 13:10 एकड गैरमजरुआ भूखंड को बचाने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी का घेराव किया जाएगा। विद्यालय को टैग कर विद्यालय भवन को ध्वस्त करने और गैरमजरुआ भूखंड पर माफिया के द्वारा फर्जी दस्तावेज के द्वारा कब्जा कर इसकी खरीद-बिक्री पर रोक लगाने, भू-माफिया की गिरफ्तारी और संपूर्ण भूखंड को सघनीय विकास में उपयोग करने, इस भूखंड पर बालिका उच्च विद्यालय का निर्माण कर अस्पताल का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी विद्यालय अस्पताल गैरमजरुआ भूखंड बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अनय मेहता और रजनीश कुमार राय ने दी।

# बैंक ने छात्राओं को दिया सेनेटरी नैपकिन

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय स्टेट बैंक की ओर छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। नारायणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में यह प्रदान किया गया। बैंक के पटना सिटी शाखा प्रबंधक विकास कुमार, एसडब्ल्यूओ शिल्पी, कामिनी कुमारी और क्षेत्रीय कार्यालय के उप प्रबंधक प्रीति सिन्हा ने 450 छात्राओं के बीच सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मो नसीरउद्दीन व संचालन शिक्षक प्रकाश कुमार सिंह ने किया।

# नए वोटरों का नाम जोड़ने व वोट करने को कर रहे प्रेरित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मोहल्ला सभा के माध्यम से मतदाताओं को भारत जोड़ो अभियान जागरूक कर रहा है। बुधवार को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को वोट देने के लिए विभिन्न मोहल्लों में मोहल्ला सभा के माध्यम से लोगों को वोट देने के लिए भारत जोड़ो अभियान जागरूक कर रहा है। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनसम्पर्क कर नागरिकों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भारत जोड़ो अभियान से जुड़े वॉलंटियर ऐसे नागरिकों को चिन्हित कर रहे हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, लेकिन मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नही है। इस अभियान के तहत नून का चौराहा, चौघड़ा, मौला साई का बाग, गुलशन हैदरी, जमुनी राय का कुआं, शेखा का रोजा, जलबा टोली, मोगलपुरा, दोरुखी आदि मुहल्ले में लोगों से जनसंपर्क किया गया। जिन लोगों का मतदाता सूची में नाम नही है, उनका ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसका नेतृत्व भारत जोड़ो अभियान पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक एडवोकेट इबरार रजा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम ऐसे मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं, जो पहली बार वोट देंगे। हम मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। इस आभियान में मो इम्तियाज, हाफिज गुलाम रसूल, काशिफ अली, रोहित पुष्प, मो अरशद, आसमा खातून, फरहा खातून, छोटू साव, जेबा आदि शामिल थीं।

# सर सच्चिदानंद को भारत रत्न देने की मांग, जमीन भी दान किया

पटना सिटी। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष तथा आधुनिक बिहार के निमार्ता सर सच्चिदानंद सिन्हा के 74वें पुण्यतिथि पर कायस्थ समाज के लोगों का जुटान हुआ। प्रगतिशील कायस्थ समाज के बैनर तले नून की चौराहा स्थित अवध उत्सव हॉल में आयोजित सच्चिदानंद सिन्हा के पुण्यतिथि पर उन्हें बिहार का गौरव करार देते हुए मौजूद लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित चित्रांशों ने एक स्वर में केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की गई। लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार के पृथक राज्य बनाने में सर सच्चिदानंद ने महती भूमिका निभाई। साथ ही राज्य को संवारने और सजाने में पटना में अर्जित भूखंडों को दान दे दिया। इस जमीन पर आज बिहार विधानसभा, सचिवालय, हवाई अड्डा तथा सिन्हा लाइब्रेरी रोड में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का भवन विद्यमान है।

# श्याम प्रभु का हुआ अखंड ज्योति पाठ, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



पटना सिटी। सांवरिया तुमको किसने सजाया है, तुझे सुंदर से सुंदर गजरा पहनाया है। तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से होली खेलागा आपा बाबा श्याम से जैसे भजन से चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा परिषद और आसपास का एरिया गुंजायमान हो गया। मौका था श्री श्याम सेवा प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित 16वां श्री श्याम फाल्गुन निशान महोत्सव के प्रथम दिन का। खाटू वाले श्री श्याम प्रभु का अलौकिक शृंगार, 56 भोग, अखंड ज्योति, इत्रों की खुशबू अपने आपमें अलग छटा भी बिखेर रहा था। आचार्य महेंद्र भारती की देखरेख में मुख्य यजमान राजेश रंजन शर्मा सपत्नी आकृति शर्मा द्वारा गणेश वंदना के साथ पूजा प्रारंभ की गई। श्री श्याम प्रभु को रोली, अक्षत, लौंग, इलायची, काजू, बादाम, मोरपंखी, गुलाब की पंखुड़ियां से मैसूर के कलाकारों द्वारा बाबा का दरबार सजाया गया था। 251 महिलाओं द्वारा सामूहिक अखंड ज्योति पाठ किया गया। इसे स्वर दिया श्याम भक्त गौरी शंकर सुल्तानिया एवं आशीष शर्मा ने। भजन संध्या में कोलकाता के अमोल शुभम पाराशर एवं मध्य प्रदेश से आई कनिका ग्रोवर ने भजनों की रस गंगा बहाई। श्याम भक्त ढोल और चांग के नगौरो के बीच झूम-नाच कर बाबा को रिझा रहे थे।

# सज रहा शिवालय, कल जलार्पण, व रुद्राभिषेक, निकलेगा शोभायात्रा



पटना सिटी। महाशिवरात्रि महोत्सव समिति की ओर से शुक्रवार को मालसलामी के सिमली स्थित छोटी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह एवं संयोजक राजेश साह ने बताया कि शोभायात्रा में शिव आधारित पौराणिक झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर में न्यास समिति की ओर रुद्राभिषेक, अखंड कीर्तन, शोभायात्रा का स्वागत, विवाह उत्सव की तैयारी की गई है। वहीं शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनेदवी, श्री छोटी पटनदेवी में रुद्राभिषेक व विवाह उत्सव का आयोजन किया जाएगा। तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर में अखंड कीर्तन, माल्य महादेव चैलीटाल, पीतल के महादेव जी झाऊगंज, तिलकेश्वरनाथ मंदिर गुरु गोविंद पथ, छोटी मंदिर सिमली, अलखिया बाबा शिव मंदिर बीएनआर रोड, पटनेश्वर शिव मंदिर, गायघाट करनालगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, गायघाट के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ओंकारधाम मंदिर, खाजेकलां थाना के बाबा थानेश्वरनाथ में रुद्राभिषेक व धार्मिक आयोजन होगा।

# महिला को गोली मारने में पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना सिटी। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के काठ के पुल मोहल्ले में मंगलवार की रात गोलीबारी की घटना हुई। इसमें देवेंद्र राय की पत्नी सुनीता देवी को पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि महिला खतरे से बाहर है। उसके पैर की अंगुली में गोली लगी है। वह मूल रूप से मंदिरी की रहने वाली है और यहां शादी में भाग लेने के लिए दो-तीन दिन पहले मायका आई है। इस संबंध में पुलिस के द्वारा काफी दबाव दिए जाने के बाद महिला सुनीता के पति देवेंद्र राय के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि उसकी पत्नी घर के बाहर में टहल रही थी, तभी गोली चलने की आवाज आई। गोली उसके पैर में जा लगी। इसके बाद उसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

# सीएम नीतीश ने विधान पार्षद आवास योजना के तहत18 आवासों का किया उद्घाटन

## ई टाईप के 24 एवं डी-टाईप के 128 फ्लैटों का हुआ उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुये

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री ने विधान पार्षद आवास योजना के अंतर्गत 645 करोड़ रुपये की लागत से 19 एकड़ भू-खण्ड पर विधान पार्षदों के आवासन हेतु 75 आवासों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें से 55 आवासों का उद्घाटन वर्ष 2019 में किया जा चुका है तथा बुधवार को18 आवासों का उद्घाटन किया। 30 करोड़ रुपये की लागत से 05 एकड़ भू-खण्ड पर पटना जिले के बिहटा में वृहद आश्रय गृह, पटना में निर्मित किया गया है। मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना अंतर्गत शिशु बालक-बालिकाओं के सुरक्षित आवासन हेतु इस परिसर में छात्रावास, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, स्टाफ क्वाटर एवं खेल के मैदान हैं। साथ ही राज्य सरकार के पदाधिकारियों के आवासन हेतु बहुमंजिली इमारत का निर्माण कराया गया है। 443 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री द्वारा पटना के गर्दनीबाग में राज्य सरकार के पदाधिकारियों के आवासन हेतु 752 फ्लैटों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था। प्रथम चरण में वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री द्वारा ई-टाईप के 48 आवासों का उद्घाटन किया गया। बुधवार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा ई टाईप के 24 एवं डी-टाईप के 128 कुल-152 फ्लैटों का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 5 एकड़ भू-खण्ड पर अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के भवन का शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 05 मंजिले मुख्य भवन, अतिथि गृह, एवं केयर टेकर निवास का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री को उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं पर आधारित एक-एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने उद्योग संवाद त्रैमासिक पत्रिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में ये रहें मौजूद : कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार आदि उपस्थित रहे. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिलों के जिलाधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण जुड़े हुये थे।

### बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण :

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 59 करोड़ रुपये की लागत से बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण किया, जिसके अंतर्गत कृषि उत्पादों के रेडिएशन एवं पैकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण एवं भागलपुर जिलों में 24 लाख वर्ग फीट के प्लग एण्ड प्ले शेड्स का उद्घाटन किया गया। उद्योग विभाग के अंतर्गत 106 करोड़ रुपए की लागत से पटना जिले के फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्णियां जिले के पूर्णियाँ इंडस्ट्रियल एरिया तथा भागलपुर जिले के बरारी इंडस्ट्रियल एरिया में स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, बिटुमिनस रोड तथा स्ट्रीट लाईट संबंधी योजना का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास की जा रही योजनाओं के अंतर्गत 21 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से पटना के गाँधी मैदान के पास उद्योग भवन एवं फ्रेजर रोड पर बीएसएफसी बिल्डिंग में नए स्टार्ट अप बिजनेस सेन्टर संबंधी योजनाओं के साथ-साथ 4 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के गोरौल इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लेक्सिबल पेवमेन्ट योजना शामिल है। 9 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से नालन्दा, भागलपुर और गोपालगंज जिलों में जिला उद्योग केन्द्र के नये भवन तथा बक्सर जिले में बियाडा कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही 36 करोड़ 97 लाख की रुपए की लागत से भागलपुर जिले में सीपेट बिल्डिंग तथा हाजीपुर जिले में सीपेट ब्वायज हॉस्टल का निर्माण कार्य एवं 31 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर एवं पानापुर इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावे 7 करोड़ रुपए की लागत से रोहतास जिले के दिनारा में टूल एवं ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट तथा हॉस्टल का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

## साफ-सफाई का दिया निदेश



बिहार विधान सभा के सचिवालय का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को शीघ्र कार्यों का निष्पादन एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का दिया निदेश

## बिहार को सौगात के नाम पर फिर जुमला हीं मिला : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एकबार फिर सौगात के नाम पर बिहार को जुमले पर हीं संतोष करना पड़ा। प्रधानमंत्री का एक सप्ताह के अन्दर बिहार यह उनका दूसरा दौरा है। प्रचारित किया गया कि प्रधानमंत्री जी बिहार को बहुत बड़ी सौगात देने आ रहे हैं और 12,800 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। पर सौगात तो नहीं पर पिछले दौरों की तरह इस बार भी केवल जुमलों की बौछार कर चले गए। मुजफ्फरपुर से मोतिहारी एलपीजी लाइन तो 2014 के पहले हीं हुए भारत-नेपाल करार के तहत बनाया गया है जिसके तहत नेपाल को एलपीजी गैस की आपूर्ति करने के लिए पाइप लाइन बिछाया गया है।

# बिहार में सौर सिंचाई नीति तैयार करने पर हो रहा काम : अरविंद

● सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली को गति देने का काम करेंगी जीविका दीदी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी पटना में आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम द्वारा सस्टेन प्लस एवं इंटरनेशनल वाटर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट के सहयोग से बिहार की सिंचाई व्यवस्था में सोलर पंप की भूमिका विषयक एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने अपने मुख्य संबोधन में कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और कृषि जनित कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे कहा कि लघु सिंचाई विभाग एवं ब्रेडा के साथ बैठक कर बिहार में सौर सिंचाई नीति तैयार की जाएगी । जिसके क्रियान्वयन में जीविका दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साथ ही, सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से गाँवों में उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। जानेमाने जल अर्थशास्त्री डॉक्टर तुषार शाह ने कहा कि भूमिगत पाइप लाइन के साथ सौर सिंचाई प्रणाली लगाना और लाभदायक हैक इससे छोटे किसानों के लिए भी सिंचाई सुलभ होगी। सस्टेन प्लस के सीईओ गणेश नीलम ने कहा कि हम जीविका दीदियों के सहयोग से सौर आधारित सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नवीन पाटीदार ने कहा कि बिहार में सौर ऊर्जा सिंचाई उद्यम 2015 से ही स्थापित की जा रही है। इसके तहत हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जिलों के 9 प्रखंडों में सिंचाई का कार्य किया जा रहा हैक अभी तक, कुल 164 सौर सिंचाई प्रणालियाँ स्थापित की जा चुकी हैं जिनसे 8000 से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। 30 पंचायत एवं 63 गांव में 3500 एकड़ जमीन पर सौर सिंचाई योजना कार्यान्वित की गई है जिसे मुख्यतः महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) के क्षेत्रीय प्रबंधक जयप्रकाश सिंह ने कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि जीविका दीदियों के नेतृत्व में सौर ऊर्जा सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे किसानों को उचित दर पर ससमय सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो रही है। इसको लेकर जीविका, संकुल स्तरीय संघ एवं आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम के बीच समझौता हुआ हैक इस कार्यशाला द्वारा सौर सिंचाई परियोजना के मॉडल को बिहार में विस्तारित करने को लेकर एक नई दिशा मिलेगी। कार्यशाला से एक दिन पूर्व मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां प्रखंड एवं समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखंड में कार्यशाला में शामिल विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों ने क्षेत्र भ्रमण किया एवं सौर उद्यमियों से मिलकर उनके अनुभवों से अवगत हुए उन्होंने सौर सिंचाई उद्यमियों के साथ-साथ आसपास के अन्य किसानों को मिली सिंचाई सुविधाओं एवं लाभों का भी अवलोकन किया।

## एसबीआई भाजपा सरकार को बचाने का कार्य कर रहा है : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची जारी करने के लिए समय मांगने की तीखे शब्दों में निंदा की है। भारतीय स्टेट बैंक सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी अवहेलना करने लगा है। चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने में एसबीआई की अनिच्छा कुछ और नहीं बल्कि चुनाव से पहले भाजपा सरकार को शर्मिंदगी से बचाने का एक प्रयास है। यह दावा कि केवल 22217 ईबी का विवरण प्रस्तुत करने में 4 महीने से अधिक की आवश्यकता होगी, मोदी के डिजिटल इंडिया के दावों का मजाक उड़ाता है। भाजपा की जबरन वसूली और पूंजीपति सांठगांठ को उजागर किया जाना चाहिए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार दिया है और भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची 13 मार्च 2024 तक भारत निर्वाचन आयोग को देने को कहा और जिसे आयोग को वेबसाइट पर सार्वजिक करने का निर्देश भी दिया गया। अब भारतीय स्टेट बैंक सूची जारी करने के लिए 30 जून 2024 तक का समय मांग रहा है। तब तक लोकसभा चुनाव ही निकल जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर सभी नियमों को ताक पर रख कर अडानी और अंबानी को कर्ज देता है, लेकिन चुनावी बॉन्ड की सूची जारी करने में जान बूझकर देर कर रहा है। क्योंकि सबसे ज्यादा चुनावी बॉन्ड अडानी और अंबानी ने खरीदा है और भाजपा को पांच वर्षों में 6500 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा चुनावी बॉन्ड से मिला है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि हर हाल में लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची जारी होनी चाहिये। किस पार्टी को कितना चंदा किसने दिया है,

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना
जल संसाधन विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–46 वर्ष 2023–24

निबंधित संवेदकों से सिंचाई भवन, हार्डिंग रोड, पटना में अवस्थित A.C.S Chamber के सामने Lounge के निर्माण कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

उक्त कोटेशन दिनांक–15.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :–

**Group A:**. Construction Lounge in front of A. C. S. chamber at First floor, Sinchai Bhawan, W.R. D. Bihar, Patna.(Flooring , Plumbing , Fitting work of toilet & other miscellaneous work) का कार्य।

**Group B:**. Construction Lounge in front of A. C. S. chamber at First floor, Sinchai Bhawan, W.R. D. Bihar, Patna.(Electrical fittings & other miscellaneous work)

**Group C:-** Construction Lounge in front of A. C. S. chamber at First floor, Sinchai Bhawan, W.R. D. Bihar, Patna.(Wall paneling, Partition wall & other miscellaneous work)

**Group D:-** Construction Lounge in front of A. C. S. chamber at First floor, Sinchai Bhawan, W.R. D. Bihar, Patna.(Furniture & other miscellaneous work)

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं **दुरभाष संख्या–9308636962** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना

PR- 018967 ( WRD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# केवल जुमलेबाजी से जनता का पेट नहीं भरता : अखिलेश

● कहा- नौजवानों का भविष्य अंधकारमय करके सूर्यघर बनाने की बात कर रहे मोदी



पटना। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने बेतिया में दिये गये मोदी के भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इतने नादान नहीं कि मोदी की नियति को नहीं समझे। वो जानती है कि वो झूठ बोलने में इतने माहिर हैं कि एक ही झूठ को बार-बार दोहराते भी नहीं। दरअसल मोदी झूठ की गारंटी है। हर बार नया झूठ, नया जुमला और फरेब की नई साजिश मोदी की पहचान बनती जा रही है। देश बेहाल है लेकिन भाजपा मालामाल है। बिहार के नौजवानों का भविष्य अंधकारमय करके मोदी यहां सूर्यघर बनाने की बात कर रहे हैं। बिहार के किसान मजदूर बन गये और वे देश के अन्य राज्यों में दिहाड़ी करके जीवन गुजारने पर विवश हो गए। सेना में अग्निपथ स्कीम लाकर यहां के लाखों नौजवान जो सेना में भर्ती होने का सपना देख रहे थे उनका भविष्य चौपट कर दिया। बिहार के नौजवान भविष्य की तलाश में बिहार छोड़कर चले गए और मोदी जी बिहार को विकसित बनाने का झांसा दे रहे हैं। अगर बिहार के इतना ही दर्द रहा है तो दस साल से भाजपा की सरकार है बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया मोदी ने। केवल जुमलेबाजी से पेट नहीं भरता जनता के जीवन को सुधारने के लिए जमीन पर काम करना पड़ता है। मोदी कुछ भी कह लें कोई झांसा दें, लेकिन बिहार मोदी के उस अपमान को कभी नहीं भूलेगा जिस तरह उन्होंने बिहार के डीएनए को गाली दी थी। अब बिहार में मोदी की दाल नहीं गलने वाली चाहे जितना जितना इंजन लगा लें बिहार में भाजपा की गाड़ी पटरी पर नहीं आने वाली। भाजपा-नीतीश की सरकार का 17 साल बिहार की जनता झेल चुकी है और महागठबंधन के सरकार का 17 महीना भी देख चुकी है जिसके अन्तर्गत पांच लाख लोगों की नौकरी एक मिशाल है।

# कांग्रेस छोड़ो यात्रा बनी राहुल की न्याय यात्रा : राजीव

● नेताओं में लगी पार्टी छोड़ने की होड

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि कांग्रेस के युवराज राहुल गाँधी ने बार-बार यह साबित किया है कि उनका अवतार कांग्रेस को समाप्त करने के लिए ही हुआ है, लेकिन परिवार की गुलामी के में अंधी बनी कांग्रेस पार्टी अभी भी उन्हें सरताज बनाये बैठी है। आलम यह है कि राहुल की तथाकथित न्याय यात्रा अब कांग्रेस छोडो यात्रा बन चुकी है। उनकी इस यात्रा की शुरूआत से अब तक कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और दिग्गज नेता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां तक कि इस यात्रा के गुजरात पहुंचने से पहले ही वहां के दिग्गज नेता और विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा कि हकीकत में कांग्रेस पार्टी के अंदर अभी जो हलचल है, वह हाल-फिलहाल से नहीं है, बल्कि गांधी परिवार के अहंकार और अंतर्कलह की वजहों से काफी सालों से है। कभी राहुल गांधी के आसपास ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा, आरपीएन सिंह, जितिन प्रसाद समेत अन्य युवा नेता दिखते थे। लेकिन राहुल के अहंकार की वजह से ये सभी नेता कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों का साथ छोड़ चुके हैं। लेकिन गाँधी परिवार का अहंकार घटने के बजाए और बढ़ गया। यही वजह है कि इन दिनों कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उनके नेता कब उनका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस की इस दुर्दशा के लिए राहुल की सलाहकार मंडली भी अच्छी-खासी जिम्मेदार है। जमीनी हकीकत से कटे अपने इन्हीं मित्रों की सलाह पर राहुल अपनी नीतियां बनाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें हर बार उठाना पड़ता है। इन्हीं मित्रों की सलाह पर उनका मोदी विरोध देश विरोध तक में बदल गया। यहां तक कि वह भगवान राम तक की खिलाफत करने लगे हैं। यही वजह है कि पार्टी में उनके खिलाफ उठने वाली आवाजें और तेज होने लगी हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस कई टुकड़ों में टूट जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–129 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–13.03.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार हैः– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | **Supply & installation of Heavy Duty R.O. Machine & Purifier with cold water facility including all accessories at A.G. office, Bihar, Patna for the year 2023-2024** | 5 | job | |

PR. No. 019012 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# पीएम मोदी आज करेंगे पर्यटन से जुड़ी योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

## 12.26 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास वर्चुअल मोड में किया जाएगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात मार्च को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की बिहार से जुड़ी पर्यटन की कुल पांच योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। सुल्तानगंज से बाबाधाम के रास्ते में कांवरियों की सुविधा हेतु योजनाएं, मंदार और अंग परिपथ की योजनाओं, जैन सर्किट में वैशाली और गांधी सर्किट में भितिहरवा आश्रम की विकास योजनाओं का उद्घाटन और सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना अन्तर्गत कुल रु 12.26 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल मोड में किया जाना है। इस दौरान पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति वैशाली में रहेगी। पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेशानुसार पर्यटन मंत्रालय के द्वारा बिहार के पर्यटकों व तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए संरचनात्मक विकास के कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में देश-दुनिया से बिहार आने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा प्राप्त होगी। मैं बिहारवासियों की ओर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी को कोटि-कोटि शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर देवघर के रास्ते में श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा एवं सहुलियत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम 1.0 के अंतर्गत 41.31 करोड़ रुपये से कांवरिया परिपथ के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसके आलोक में इस परियोजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के बैठने के लिए विभिन्न जगहो पर बेंच, विश्राम के लिए रेन शेल्टर, पर्यटक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया, शौचालय, प्याउ आदि का निर्माण कराया गया है।

**स्वदेश दर्शन स्कीम-1 के तहत मंदार और अंग परिपथ पर 40.42 करोड़ से विकास कार्य संपन्न :**

स्वदेश दर्शन स्कीम-1 के तहत मंदार और अंग परिपथ पर 40.42 करोड़ रुपये से विकास कार्य संपन्न हुआ है। बांका जिले के मंदार पहाड़ी की तलहटी में आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण किया गया है। इससे बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ी है। जिले के बुनकरों और अन्य हस्तशिल्पियों के लिए यहां वर्कशॉप एवं दुकानें स्थापित की गई हैं। परिसर में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा प्लेट लगाया गया है। परियोजना के कार्यान्वयन होने से इस क्षेत्र में पर्यटकों को काफी सुविधा प्राप्त हुई है, साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार एवं व्यवसाय का सृजन हुआ है जिससे स्थानीय लोगो की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। मंदार पर्वत की तलहटी में सबलपुर गांव के बाबू वीरो सिंह द्वारा स्थापित बहुत पुराना अवंतिका नाथ मंदिर है। यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए शौचालय, पेयजल सुविधा, गजिबो आदि का निर्माण किया गया है। मंदार पहाड़ी के पूर्वी भाग में स्थित लगभग 10 एकड़ में फैले कामधेनु मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए मंदिर परिसर में शिव गंगा तालाब का विकास कार्य, गजीबो, पाथ वे का निर्माण कार्य किया गया है। मधुसूदन मंदिर मंदार पर्वत के मध्य भाग में स्थित है। मंदिर परिसर में शौचालय एवं हाई मास्ट लाइट का निर्माण कार्य कराया गया है। जैन सर्किट में शामिल वैशाली में पर्यटको को मार्गीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्वदेश दर्शन के तहत कार्य किया गया है। वैशाली के इस मार्गीय सुविधा केन्द्र में पर्यटको के लिए विश्राम कक्ष, पीने का पानी तथा शौचालय आदि सुविधाओं का निर्माण किया गया है। पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के मनोरंजन हेतु निकट के पुष्करणी सरोवर में साउंड एवं लाइट शो का निर्माण किया गया है। स्वदेश दर्शन अन्तर्गत गाँधी परिपथ का विकास कार्य 16.37 करोड़ रुपये से कराया गया है। इसमें भितिहरवा आश्रम में चहारदिवारी, थीमेटिक गेट, प्रदर्शनी हॉल, जनसुविधा, कैफेटेरिया, चरखा, वाटर फाउन्टेन, ड्रिकिंग वाटर कियोस्क, सिवरेज ट्रीटमेंन्ट प्लान्ट, सोलर पावर सिस्टम, पार्किंग, पाथवे, स्थल विकास, बाह्य प्रकाश व्यवस्था की सुविधा दी गयी है। सारण जिलान्तर्गत आमी मंदिर परिसर के विकास हेतु भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रथम चरण में प्रसाद योजना अन्तर्गत कुल रु 12.26 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त है। इस योजना का शिलान्यास किया जाना है। इसके अन्तर्गत दुकानों का नवनिर्माण एवं कियोस्क निर्माण, पहुँच पथ का चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण, मंदिर के सामने घाट का विकास, परिक्रमा पथ और सड़क पर प्रकाश व्यवस्था का निर्माण किया जाएगा।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 197 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **16.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specification | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Flooring Work and Ceiling Work in Samaj Kalyan Vibhag at 3rd Floor of Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02- | Renovation of Conference Room and Common Area of Samaj Kalyan Vibhag at 2nd Floor of Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 03- | Renovation of UPVC Window in Samaj Kalyan Vibhag at 3rd Floor of Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | Renovation of UPVC Window in Samaj Kalyan Vibhag at 2nd Floor of Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05- | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V. in Samaj Kalyan Vibhag at 2nd Floor and 3rd Floor of Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Compactor/Optimizer Storage System) | | | |
| 06- | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Split/Cassette AC Machine in Samaj Kalyan Vibhag at 2nd Floor and 3rd Floor Indira Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 07- | Supplying of Carltone Awnining And Horizen Model Awnining in Residence No.- 02 Polo Road, Patna for the year 23-24. | | | |
| 08- | Wardrobe and Other Wooden Work, False Celing Work in Residence No.- 02 Polo Road, Patna for the year 23-24. | | | |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 019009 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01 वर्ष– 2023–24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदात्ता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 18.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 19.03.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 19.03.2024 को 01:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | (क) कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना। (ख) अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | क्रम (5) के वर्णित स्थान पर। |
| 7. | कार्य का विवरणी | :– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Renovation of Common Bathroom and Pipeline in the campus of Desh Ratan Garden at Desh Ratan Marg, Patna for the year 2023-24 | 5,00,000/- | 10,000/- | 750/- | 15 Days |
| 2- | Renovation of Toilet in campus of Subhash Park, Patna for the year 2023-24 | 2,00,000/- | 4,000/- | 500/- | 15 Days |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 018943 (BCD) 2023-24

कार्यपालक पदाधिकारी
उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0, पटना

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी लोडेड पिस्तौल के साथ एक व्यक्ति गिरफतार

जंदाहा।जंदाहा थाना पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब एक मोटरसाईकल सवार के पास से लोडेड देशी पिस्तौल बरामद हुआ। बताया गया है कि जंदाहा थानाध्यक्ष रविन्द्र पाल व पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार पुलिस बल के साथ विशेष छापामारी के लिए पुलिस गाड़ी से जा रहे थे जब रात्रि सवा एक बजे में वे पिरपुर ग्राम स्थित प्रमोद इंट भठा से सौ मीटर पछिम पहुंचे तो एक पैसन प्रो मोटरसाईकल पर सवार एक व्यक्ति पुलिस गाड़ी को देखकर मोटरसाईकल छोर कर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस बल के सहयोग से उसका पीछा कर पकड़ लिया गया।पूछे जाने पर उसने अपना राजू महतो ग्राम पीरा पुर पोखरा थाना जंदाहा जिला वैशाली का निवासी बताया।जब तलाशी नियम का पालन करते हुए उक्त मोटरसाईकल सवार के शरीर कि तलाशी ली गई तो उसके बाएं कमर में खोंसा हुआ एक देशी लोडेड पिस्तौल बरामद हुआ। गाड़ी का कागजात मांगने पर उसने कागज प्रस्तुत नहीं किया।पुलिस द्वारा अवैध देशी लोडेड पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस व मोटरसाईकल को जब्त करने के साथ राजू महतो को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सड़क दुर्घटना से 10 वर्ष बच्ची की मौत

आलमनगर (मधेपुरा)। आलमनगर नगर पंचायत स्थित थाना चोक पर बस से सफर कर रहे एक 10 बर्षीय बच्ची की मोत सड़क दुर्घटना में हो गई। इस बाबत बच्ची के पिता प्रमोद पासवान करुआ मोड़ जिला खगड़िया निवासी ने बताया कि वो अपने घर बस से जा रहा था कि आलमनगर थाना चोक के पास मेरी बच्ची राखी कुमारी को उल्टी होने लगा वो बस के खिड़की से अपना मुंह निकाल कर उल्टी करने लगा कि सामने से टो टो पर चदरा लाद कर आ रहा था कि मेरी बच्ची का सर चदरा से पुरी तरह कट गया स्थानीय लोगों के सहयोग से आलमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया गया इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन आने के उपरांत आगे की कारवाई की जायेगी।

### प्रखंड के भतखोड़ा पंचायत सरकार भवन परिसर में हुआ आयोजन

मुरलीगंज (मधेपुरा)।प्रखंड अंतर्गत भतखोड़ा पंचायत सरकार भवन परिसर में बुधवार को एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर का

उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक नीलकमल चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं पोषण मुर्तजा अली, डॉ सुमित कुमार, पशु चिकित्सक डॉ अताऊर रहमान, बीपीएम रिशु अर्नेस्ट मसीह ने किया। मौके पर नीलकमल चौधरी ने कहा जीविका एवं पशुपालन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए गए हैं। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से पशुपालक अपने गाय, भेंस, बकरी की स्वास्थ्य जांच कराया। आवश्यक सुझाव के साथ दवाई दी गई। शिविर में निशुल्क पशुओं का इलाज किया गया। पशुओं की गोबर एवं खून जांच किया गया। विशेषज्ञ सरकारी पशु चिकित्सकों द्वारा बांधपन संबंधी रोग का इलाज, कृमिनाशक दवाई एवं मिनरल मिक्सर का निशुल्क वितरण किया गया। जिसमें 101 पशुओं का रजिस्ट्रेशन हुआ।जीविका द्वारा मतदाता जागरूकता शिविर भी चलाया जा रहा है। मौके पर सीएलएफ अध्यक्ष बबीता देवी, अनिल कुमार, श्वेता सुमन, प्रेम कुमार, दिलीप कुमार, कुंदन कुमार, अरुण कुमार, पंकज कुमार सहित जीविका कर्मी मौजूद रहे।

### बालू लदे ट्रक ने महिला को कुचला, दर्दनाक मौत

आरा।जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के धण्डिया-फरहंगपुर के समीप तेज रफ्तार से आ रही बालू लदे ट्रक ने टेम्पू में जोरदार टक्कर मार दी जिससे टेम्पू पलट गई।इसी दौरान ओवरलोड बालू लदे ट्रक महिला को कुचलते हुए भाग निकली जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला कोइलवर के वार्ड 8 निवासी धर्मेंद्र गुप्ता की 35 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी बताई जाती है।मिली जानकारी के अनुसार महिला रोजाना की तरह आज भी आलू की खुदाई करने के लिए आई हुई थी काम खत्म कर वापस घर लौटने के दौरान वो टेम्पू में बैठकर कोइलवर जा रही थी इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने पहले टेम्पू में टक्कर मार दी फिर महिला को कुचलते हुए भाग निकली।जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भागते ट्रक को पकड़ लिया है। वही घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर अवैध रूप से बालू ओवरलोड ट्रको का परिचालन होने से पुलिस प्रशासन पर पैसे लेकर ट्रक को भेजने का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग कर रहे हैं।

# पहली सिंडीकेट बैठक में छात्र संगठनों ने सिंडिकेट सदस्य को सौंपा मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता,



मधेपुरा। बीएनएमयू में नए कुलपति के कार्यकाल में होने वाली पहली सिंडीकेट बैठक में छात्र संगठनों ने सिंडिकेट सदस्य को मांग पत्र सौप कर विश्वविद्यालय प्रशासन के काले कारनामों से अवगत कराया एवं छात्र हितों की मुद्दों को लेकर सदन में जोरदार तरीके से उठाने की मांग को रखा। छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार और आईसा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने बिहार विधान परिषद सदस्य और सिंडीकेट सदस्य डॉ. संजीव सिंह एवं के पी कॉलेज मुरलीगंज के प्राचार्य और सिंडीकेट सदस्य डॉ. जवाहर पासवान को मांग पत्र सौंपा है।

मांगों में कहा गया है कि राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय सहरसा के बी.एड. विभाग में वर्त्तमान विभागाध्यक्षा डॉ. प्रतिष्ठा कुमारी की नियुक्ति 10 जुलाई 2019 महाविद्यालय द्वारा की गयी जिस पर विश्वविद्यालय कुल सचिव द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2020 को जारी ज्ञापांक जी एसः पी आर ओ – 229/19 झ 713/20 के द्वारा डॉ. प्रतिष्ठा कुमारी की नियुक्ति को प्रथम दृष्टियाँ संदेहास्पद होने व सेवा विस्तारीकरण न करने व चयन समिति की अनुशंसाओं को विश्वविद्यालय को भेजने को कहा गया था परन्तु महाविद्यालय डॉ. प्रतिष्ठा कुमारी का ही सेवा विस्तारीकरण प्रबंध समिति (न कि चयन समिति से करते हुए विश्वविद्यालय को भेजा और कुलसचिव बी.एन. एम.यू. ने दिनांक 30 जून 2022 को ज्ञापांक जी एस : (पी आर ओ 220/13 पार्ट क) 623/22 के द्वारा आरोप मुक्त करते हुए अपने ही पूर्व के ज्ञापांक जी एसः पी आर ओ 229/19) 713/20 दिनांक 16 सितंबर 2020 का उलंघन किया। डॉ. प्रतिष्ठा कुमारी को दिनांक 30 जून 2022 ज्ञापांक जी एसः पी आर ओ 220/13 पार्ट कके द्वारा आरोप मुक्त किये गए पत्र पर एन एस यू आई राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार व विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा शिकायत पर दिनांक 14 जुलाई 2023 को ज्ञापांक जी एसः (पी एस डबल्यू 581/23) 798/23 द्वारा की तीन सदस्ययी जांच कमिटी का गठन किया गया।

जसमें विश्विद्यालय सीसीडीसी डॉ. (प्रो.) अंजुम हुसैन को संयोजक और एमएलटी कॉलेज सहरसा के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) पवन कुमार और केपी कॉलेज मुरलीगंज के प्राचार्य डॉ. (प्रो.) जवाहर पासवान को जांच कमिटी के सदस्य नियुक्त किया परन्तु कुलसचिव डॉ. मिहिर ठाकुर ने पुनः अपनी मनमानी करते हुए जांच कमिटी से रिपोर्ट न ले के कॉलेज इंस्पेक्टर साइंस और आर्ट के द्वारा मामले को लीपा पोती कर पुनः दोष मुक्त कर दिया। जबकि बी.एड. विभागाध्यक्ष की नियुक्ति हेतु निर्धारित 8 वर्ष का अनुभव (क्योंकि इन्होंने पी एच डी रेगुलर मोड से करते हुए पी एच डी के समय को भी शिक्षण अनुभव में जोड़कर दिखाया है जो की उनुचित है) तथा पी एच डी डिग्री में डॉ. प्रतिष्ठा के पास निर्धारित अनुभव की कमी है।

वहीं बीएड स्पॉट राउंड नामांकन में भी व्यापक स्तर पर धांधली का आरोप लगाया गया था। एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने कहा संपूर्ण मामले में आवेदन कर्ता से पूर्व में पक्ष लिया तो जांच रिपोर्ट विश्वविद्यालय के साइंस एवं आर्ट्स के कॉलेज इंस्पेक्टर कैसे जारी किया। आईसा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा कि पूर्व में कुलपति के द्वारा जिस मांगों पर वार्ता हुई थी वह एक भी मांग पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा छात्र हित में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि अतिशीघ्र जारी करने, स्नातक प्रथम वर्ष 23-27 के परीक्षा से वंचित रहे हजारों छात्र छात्राओं का स्पेशल परीक्षा आयोजित करने, विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के कई विषयों में एक भी शिक्षक नहीं है वहां उन विषय में अन्य कॉलेज या विश्वविद्यालय मुख्यालय से शिक्षक को प्रतिनियुक्ति करने, विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक दिन माननीय कुलपति से छात्रों को ना मिलने की तुगलकी फरमान अविलंब रद्द करने, विश्वविद्यालय मुख्यालय में रिजल्ट सुधार, यू आई एम एस के कार्य, माइग्रेशन या अन्य किसी कार्य से आने वाले छात्रों को बैठने के लिए बने वेटिंग रूम का निर्माण करने सहित कई मांग को लेकर मांग किया गया था। आईसा के एजाज अख्तर ने कहा कि विश्वविद्यालय मुख्यालय में गर्ल्स हॉस्टल और नॉर्थ कैंपस में बुनियादी सुविधाएं पीने की पानी, कैंटीन, चिकित्सा संबंधी सुविधा अविलंब बहाल करने, विश्वविद्यालय मुख्यालय में 3 वर्षों से जमे पदाधिकारी को वापस अपने कॉलेज सेवा में वापस करने की मांग की गई थी। एनएसयूआई के विश्वविद्यालय छात्र नेता अंकित झा ने कहा कि किसी भी छात्र संगठन के पदाधिकारी बने विश्वविद्यालय में एकल संवैधानिक पद पर आसीन पदाधिकारी को अविलंब पद से हटा कर वापस उनके कॉलेज भेजने की मांग की गई थी। आईसा के राजकिशोर राज ने कहा कि बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा में 3 अगस्त 2022 को चतुर्थ दीक्षांत समारोह कि बजट एवं संपूर्ण खर्च ना तो सिंडीकेट से पास करवाई गई ना ही ऑडिट करवाया गया इसकी संपूर्ण जांच हो। इस मौके पर एनएसयूआई छात्र नेता नीतीश यदुवंशी, अमित कुमार, अजेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अमन झा, आदि मौजूद रहे।

# अभिषद् की बैठक संपन्न : लगभग सवा दस अरब बजट की दी गई मंजूरी

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में अधिषद् (सीनेट) की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित अभिषद् (सिंडिकेट) की प्रथम बैठक बुधवार को कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कुलपति ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के विकास में सबों से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन को आवश्यक संशोधनों के साथ सम्पुष्टि प्रदान की गई। इसके अलावा वित्त समिति, विद्वत परिषद्, परीक्षा समिति, नवशिक्षण एवं संबंधन समिति आदि की गत बैठकों में लिए गए निर्णयों को भी आवश्यक संशोधनों के साथ संपुष्ट किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक बजट 2024-25 से संबंधित प्रक्रियाओं का अनुमोदन आदि पर विचार किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए कुल 10 अरब 35 करोड़ 23 लाख 33 हजार 915 रूपए बजट को मंजूरी दी गई है। इसमें आंतरिक स्रोत से कुल अनुमानित आय कुल 8 अरब 83 करोड़ 76 लाख 39 हजार 181 रूपए है। इस तरह सरकार से कुल अनुमानित राशि कुल 8 अरब 51 करोड़ 46 लाख 94 हजार 734 रूपए का अनुदान अपेक्षित है। बैठक में अधिषद् की आगामी वार्षिक अधिवेशन के निमित्त विभिन्न कार्यसूचियों पर विचार किया गया। तदनुसार अधिषद् में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर अध्यक्षीय अभिभाषण एवं कुलपति प्रो. बी. एस. झा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा अन्य प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के लिए भी अभिषद् के सदस्य को अधिकृत किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस को प्रशासनिक परिसर एवं न्यू कैंपस को शैक्षणिक परिषद घोषित करने के निर्णय का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा को भूपेंद्र प्रशासनिक परिषद स्थित अनुमंडल की प्रतिमा के सामने लगाने हेतु विश्वविद्यालय के आंतरिक स्रोत से पांच लाख रुपए खर्च को मंजूरी दी गई। विश्वविद्यालय कर्मचारियों की समस्यायों के समाधान सहित अन्य कई मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। अंत में राष्ट्र गान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अध्यक्ष सह कुलपति प्रो. बी. एस. झा, एमएलसी डॉ. संजीव कुमार सिंह, एमएलए द्वय अनिरुद्ध प्रसाद यादव एवं गुंजेश्वर साह, सचिव सह कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर, डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, विश्वविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार, विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शाहिद हुसैन, समाजसेवी डॉ. परमेश्वर चौधरी, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रामनरेश सिंह एवं सचिव सह कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर उपस्थित थे। बैठक के आयोजन में उप कुलसचिव अकादमिक डॉ. सुधांशु शेखर, अमित कुमार आदि ने सहयोग किया।

# आयोजित की गई चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रात : किरण संवाददाता



बांका। बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज दूसरा दिन था। आज कार्यक्रम स्थल पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 70 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को कल समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

साथ ही प्रश्नोत्तरी, परिचर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें ललन कुमार, निशु कुमारी, छाया कुमारी तथा प्रिया कुमारी को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया। इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है । जिसके माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों, सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, उजाला योजना, मिशन लाइफ, नमामि गंगे पीएम विश्वकर्मा योजना, स्किल इंडिया मिशन, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पीएम किसान, आदित्य एल 1 मिशन, गगनयान मिशन, जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता, रोजगार मेला, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डिजिटल इंडिया से संबंधित चित्र शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है तथा पूर्णता की ओर ले जाया रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल रोवर्स रिक्रियेशन क्लब, जमालपुर, मुंगेर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में देशभक्ति गीत तथा नाटक का मंचन किया गया, जिसका कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। इस चित्र प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है।

# पीएम नरेंद्र मोदी का बयान बेबुनियाद : किरण देव यादव

अलौली खगड़िया। पीएम नरेंद्र मोदी का बयान मेरा परिवार भारत व भारतीय है, उक्त बयान खोखली, डपोरशंखी, बेबुनियाद एवं जुमलेबाजी तथा अक्षरशः झूठा है, कथनी करनी में काफी अंतर है, इनका एक भी बयान सही नहीं है। उक्त बातें देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा। उन्होंने कहा कि भारत माता का विक्रेता मोदी का परिवार भारत व भारतीय नहीं हो सकता, चुंकि देश की आत्मा – सभी सरकारी विभाग को बेच दिया गया है। देश संविधान लोकतंत्र पर खतरा पैदा कर दी गई है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक, मानसिक, गुलामी की ओर धकेल दी गई है। यदि भारत उनका परिवार होता तो छद्म राष्ट्रवाद एवं वोट की राजनीति के तहत पुलवामा जैसे घटना का अंजाम नहीं करवाता, शहीदों को सम्मान व आश्रितों को मुआवजा अभी तक लंबित नहीं रहता। देश की सीमा पर जवान बेवजह शहीद नहीं होता। विश्व स्तर पर पूर्व से रहा विश्व गुरु भारत आज अपमानित नहीं होता। देश का जीडीपी झूठा वृद्धित आंकड़ा नहीं दिखाता। भारत को विश्व स्तर पर हंसी का पात्र मजाक बनाकर नहीं रखता। यदि भारतीय इनका परिवार होता तो देश के 80% आबादी अन्नदाता किसान पर लाठी, गोली, आंसू गैस, ड्रोन से युद्ध जैसा हमला नहीं करता, सड़कों पर दीवाल नहीं बनाता, कील नहीं ठोकता, 755 किसने की हत्या नहीं करता, किसानों का जमीन हरपने के लिए तीन कृषि बिल काला कानून नहीं लाता।

# जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार दीपू के लिए सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। आशुतोष कुमार दीपू के जिला परिषद अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर उनके पैतृक आवास पर विभिन्न राजनीतिक दल के पदाधिकारीगण, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं अतिपिछड़ा समाज के नेता लोगों ने आशुतोष दीपू को शॉल, गुलदस्ता फूल माला से स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी है। और कहां है कि आशुतोष व्यक्तित्व के बहुत ही धनी व्यक्ति है, और युवा के चहेते चेहरा भी है। जिसको लेकर वैशली जिला युवाओ में काफी खुशी का माहौल है। अतिपिछड़ा समाज एवं युवाओं के लिए गौरव की बात है। इनके नेतृत्व में वैशाली जिला एक नई ऊंचाई को हासिल करेगा और नई कीर्तिमान स्थापित करेगा। मुझे आशा और विश्वास भी है। मौके पर बधाई देने में अतिपिछड़ा समाज प्रखर युवा नेता अजय मालाकार, संजय पासवान पंचायत समिति सदस्य, कमलेश कुमार प्रदेश सचिव युवा लोजपा रा, सुधीर भगत जिला महासचिव, माली मालाकार कल्याण समिति वैशाली, शत्रुधन शर्मा सहित अनेकों लोग मैजूद थे ।

# कॉलेज में निवेशक जागरूकता अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जमुनी लाल महाविद्यालय, त निवेशक जागरूकता अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कियाहाजीपुर (वैशाली) में प्राचार्य डॉ नंद किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में सेबी द्वारा आयोजित निवेशक जागरूकता अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ सुजीत मुखर्जी, प्रशिक्षक, सेबी द्वारा छात्र/छात्राओं को सेबी के गठन, कार्य और कार्य प्रणाली के बारे में साथ ही साथ निवेशक अपना निवेश कैसे करे और क्या सावधानी बरतें पर विशद रूप से व्याख्यान दिया। ऑन लाइन माध्यम से जुड़े सेबी और सी.डी.स.ल. के अधिकारी द्वारा भी छात्र/छात्राओं को हाइब्रिड माध्यम से वित्तीय निवेश से संबंधित संस्थान और ऐप की जानकरी प्रदान कर जागरूकता अभियान को और सबल बना दिया। छात्र/ छात्राओं ने भी अपने प्रश्न के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बना दिया। इस अवसर पर स्मृति सौरभ सिंह, राजू कुमार, राजीव कुमार सिंह, नितिन कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ रजनीश कुमार, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग ने किया।


## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA

SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 201 YEAR 2023-24

(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 16.03.2024 at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representitives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500. and Earnest Money 2% (2% of Original Quoted Rate) attached Mandatory with Quotation

**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Emergent Civil and P.H. Work of Central Division Office Building at Mangles Road, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 02- | Supply and Installation of P.H. Work in the Campus of Residence No. - 1 at Anney Marg, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 03- | Emergent P.H. Work in Extended Building of Bihar Vidhan Sabha, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 04- | Emergent and Minor Repair of Civil Work in Extended Building of Bihar Vidhan Parishad, Patna for the year 2024-25. | | | |

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019036 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या –9 वर्ष– 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्म/कंपनी से दिनांक 18.03.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक निदेशानुसार आपूर्ति कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन 1:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायगा।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 018938 (BCD) 2023-24

कार्यपालक पदाधिकारी
उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना
जल संसाधन विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–45 वर्ष 2023–24

निबंधित संवेदकों से प्रथम तल, सिंचाई भवन, हार्डिंग रोड, पटना में निम्नांकित कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

उक्त कोटेशन दिनांक–15.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :–

**Name of Work:-**Beautification and Upgradation of Corridor of First Floor, Sinchai Bhawan, Patna. का कार्य।

**Group A:**.Painting, Wall Paneling & Other Miscellaneous Work

**Group B:**.Carpentry Work & Other Miscellaneous Work

**Group C:**.Electrical Work, M.S. Work & Other Miscellaneous Work

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं **दुरभाष संख्या–9308636962** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना

PR- 018968 ( WRD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में अक्षयवट संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय, नावकोठी, बेगूसराय में 05 सहायक शिक्षक, 01 लिपिक एवं 01 परिचारी की आवश्यकता है। 02 सहायक शिक्षक, योग्यता आचार्य, कोटि- UR & EBC, 03 सहायक शिक्षक, योग्यता- स्नातक विज्ञान, कोटि-UR, EBC & SC, 01 लिपिक, योग्यता इंटरमीडिएट/समकक्ष, कोटि-UR एवं 01 परिचारी, योग्यता-मध्यमा /मैट्रिक, कोटि-UR का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

(2) उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक, लिपिक एवं आदेशपाल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
अक्षयवट संस्कृत प्राथमिक -सह-
माध्यमिक विद्यालय, नावकोठी, बेगूसराय



## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 198 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **16.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

**कार्य का विवरणी :–**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V. in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- I) | | | |
| 03- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- II) | | | |
| 04- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- III) | | | |
| 05- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture Work in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. (Part- IV) | | | |
| 06- | Supply and Installation of Fire Alarm System & Smoke Detector for Safety Protection in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 7- | Supply and Installation of Fire Extinguisher System for Safety Protection in Treasury Office at Irrigation Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019007 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सम्पादकीय

## सिर्फ नकारात्मक एजेंडे पर?

साझा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में अच्छी पहल है, लेकिन इसे कुछ नहीं से कुछ बेहतर से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा। आखिरकार विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की पहली रैली हुई। पटना में हुई रैली में गठबंधन के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे और वहां जुटे लोगों में जीवंतता भी नजर आई। उम्मीद की जा सकती है कि इस रैली की सफलता से विपक्षी दलों में उत्साह एक हद तक लौटेगा, जो हाल में लगातार सियासी झटकों से आहत रहे हैं। इसके बावजूद यह तथ्य अपनी जगह बना हुआ है कि यह गठबंधन उद्देश्य की एकता दिखाने और सत्ता पक्ष के खिलाफ संघर्ष के लिए संकल्पबद्ध होने का संदेश देने में बहुत देर कर चुका है। पटना रैली में दिए गए भाषणों पर भी गौर करें, तो साफ होता है कि विपक्षी नेता वहां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन पर बरसने से आगे नहीं बढ़ सके। इससे यही जाहिर होता है कि इंडिया गठबंधन के पास भाजपा विरोधी स्वाभाविक मतदाताओं और एनडीए के दस साल के शासनकाल से असंतुष्ट वोटों को जुटाने के अलावा कोई और रणनीति नहीं है। अपना कोई सकारात्मक एजेंडा जनता के सामने रखने की जरूरत तक इन दलों ने महसूस नहीं की है। इस बीच गठबंधन में शामिल पार्टियां अपना-अपना घोषणापत्र जरूर तैयार कर रही हैं, लेकिन जब एनडीए का मुकाबला वे इंडिया एलायंस के तौर पर करने जा रही हैं, तो उन अलग घोषणापत्रों की क्या साख होगी? वायदों और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर कोई न्यूनतम सहमति भी है या नहीं, आखिर यह जानने का मतदाताओं के पास क्या जरिया होगा? मसलन, मतदाता यह कैसे भरोसा करेंगे कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने और सेना में अग्निपथ योजना खत्म करने के कांग्रेस के वादे पर गठबंधन में शामिल अन्य दल भी सहमत हैं या नहीं? यह बेहिचक कहा जा सकता है कि साझा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में एक अच्छी पहल है, लेकिन इसे कुछ नहीं से कुछ बेहतर से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा। क्या यह भाजपा की चुनावी मशीन का मुकाबला करने में समर्थ होगा?

## सतर्कता की उचित सलाह

आशंका है कि अगले 3-4 वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण चिप कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत में उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। क्रिस मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। भारत सरकार ने बीते हफ्ते एक लाख 26 हजार करोड़ रुपये निवेश की तीन चिप परियोजनाओं को मंजूरी दी। बताया गया है कि इनके लिए भारत सरकार 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट भी है, जो टाटा ग्रुप एक ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर लगाएगा। इससे पहले पिछले साल केंद्र ने अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर लगाए जाने वाले संयंत्र को मंजूरी दी थी, जिसमें कुल 2.75 बिलियन डॉलर का निवेश होगा। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 10 बिलियन डॉलर (76000 करोड़ रुपये) की विशाल सब्सिडी का प्रावधान कर रखा है। इसे भारत की महत्त्वाकांक्षी पहल बताया गया है। लेकिन इस बड़ी योजना को लेकर कुछ सवाल भी उठे हैं। मसलन, विशेषज्ञ और बहुचर्चित किताब चिप वॉर के लेखक क्रिस मिलर ने भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि भारत में लग रहे चिप कारखाने मुनाफा कमा सकने की स्थिति में हों। साथ ही ये उद्यम चिप विकास में भी योगदान करें। गौरतलब है कि भारत में फैब्रिकेशन यानी चिप उत्पादन के कारखाने लगाए जा रहे हैं। विकास से मतलब चिप तकनीक को उन्नत करने से है, जिसके लिए बहुत बड़े निवेश और महारत की जरूरत पड़ती है। कारखानों के मुनाफे को लेकर प्रश्न इसलिए उठे हैं, क्योंकि कोरोना काल में सप्लाई श्रृंखला भंग होने से चिप की हुई किल्लत झेलने के बाद दुनिया भर में नए ट्रेंड चिप कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का है। इसमें सबसे आगे अमेरिका है, लेकिन यूरोप ने भी अपनी महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है। चीन के खिलाफ अमेरिका के चिप युद्ध शुरू कर देने के कारण भी इस क्षेत्र में निवेश को उच्च प्राथमिकता मिली हुई है। नतीजतन, आशंका है कि अगले तीन से चार वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण दुनिया में इस कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत की वजह से अपेक्षाकृत सस्ते एवं उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। इस पर समग्रता से विचार किया जाना चाहिए।

## लैंगिक समानता का मूल चिंतन

डॉ. नीलम महेंद्र

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एकदुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तोवो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हरजीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री कोउसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैंजैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्रीमें पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुणप्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री मेंपुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारीहोता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मीके रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रियामें जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनसे लिए एक नारी में इनगुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव काअर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैंप्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वोभूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेघ यज्ञउनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवानको नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दनथे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा हैजहाँ मैत्रेयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएंथीं तो कैकई जैसी रानियां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थींबल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत केबावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारोंको महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह हैकि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिक समानता की बात करतेहैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बातकरें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्रमें अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मैकेनिकल समाजसेवा होया राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दमपर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों परमहिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिलाउद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक पक्ष है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्टजिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कमवेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना हैकि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहींमिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट केअनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओंको काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है।

# सड़क जाम, मार्ग परिवर्तन से जनता परेशान-जिम्मेदार कौन सरकार या किसान?

**किसान, दो वर्ष पूर्व हुये आंदोलन के समय सरकार द्वारा मानी गयी उनकी मांगों को अब तक पूरा न किये जाने के चलते यानी सरकार की वादा खिलाफी की वजह से दूसरी बार आंदोलन करने के लिये मजबूर हुये हैं। सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिये इसबार शंभू व खनौरी से लेकर दिल्ली से लगती चारों ओर की सीमाओं पर कड़ी नाकेबंदी की है। शंभू व खनौरी सीमाओं पर तो छः लेयर तक के अवरोधक लगाये गए हैं। इनमें कंटेनर्स, सीमेंटेड ब्लॉक्स, सीमेंट में ढली मोटी कीलें, कंटीले तार, लोहे की चादरें, तरह तरह के वाहन व मशीनें, आरएएफ, अर्ध सैनिक बल, आंसू गैस फेंकने वाले यंत्र, ड्रोन, पानी की तेज बौछार फेंकने वाली मशीनें, बुलडोजर, पोकलेन, जे सी बी आदि और भी अनेक चीजों का सहारा लिया गया है। इन सीमाओं पर सरकार द्वारा लगाये गये अवरोध शायद भारत की चीन व पाकिस्तान से लगती सीमाओं से भी अधिक सुदृढ़ हैं। जिन्हें विदेशियों या घुसपैठियों को नहीं बल्कि अपने ही देश के किसानों को रोकने के लिये खड़ा किया गया है। दूसरी ओर किसान हैं जो शंभू व खनौरी की सीमाओं पर पंजाब की हद में डेरा डाले हुए हैं। किसानों ने केवल इन्हीं बॉर्डर्स पर सड़कों के किनारे अपने तंबू लगा रखे हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि खड़ी कर रखी है। यही ट्रैक्टर ट्रॉली किसानों के घर, गोदाम तथा छाया सर्दी धूप बारिश से बचाओ आदि का काम करती है। किसानों ने आंदोलन के शुरूआत में शंभू व खनौरी सीमाओं से हरियाणा में प्रवेश की कोशिश की परन्तु सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक कर किसानों को हरियाणा में प्रवेश करते हुये दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। इसी बीच 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी जिसमें बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी।**



**निर्मल रानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**




किसान आंदोलन-2 अभी जारी है। इसका सबसे अधिक प्रभाव हरियाणा व पंजाब से लगती हुई शंभू और खनौरी नाम की सीमाओं के सीमित क्षेत्रों में है। हरियाणा व पंजाब से लगती इन्हीं दो सीमाओं पर गत 13 फरवरी से अनेक किसान संगठनों के नेता व सदस्य दिल्ली कूच करने के उद्देश्य से डेरा जमाये हुये हैं। किसान, दो वर्ष पूर्व हुये आंदोलन के समय सरकार द्वारा मानी गयी उनकी मांगों को अब तक पूरा न किये जाने के चलते यानी सरकार की वादा खिलाफी की वजह से दूसरी बार आंदोलन करने के लिये मजबूर हुये हैं। सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिये इसबार शंभू व खनौरी से लेकर दिल्ली से लगती चारों ओर की सीमाओं पर कड़ी नाकेबंदी की है। शंभू व खनौरी सीमाओं पर तो छः लेयर तक के अवरोधक लगाये गए हैं। इनमें कंटेनर्स, सीमेंटेड ब्लॉक्स, सीमेंट में ढली मोटी कीलें, कंटीले तार, लोहे की चादरें, तरह तरह के वाहन व मशीनें, आरएएफ, अर्ध सैनिक बल, आंसू गैस फेंकने वाले यंत्र, ड्रोन, पानी की तेज बौछार फेंकने वाली मशीनें, बुलडोजर, पोकलेन, जे सी बी आदि और भी अनेक चीजों का सहारा लिया गया है। इन सीमाओं पर सरकार द्वारा लगाये गये अवरोध शायद भारत की चीन व पाकिस्तान से लगती सीमाओं से भी अधिक सुदृढ़ हैं। जिन्हें विदेशियों या घुसपैठियों को नहीं बल्कि अपने ही देश के किसानों को रोकने के लिये खड़ा किया गया है। दूसरी ओर किसान हैं जो शंभू व खनौरी की सीमाओं पर पंजाब की हद में डेरा डाले हुए हैं। किसानों ने केवल इन्हीं बॉर्डर्स पर सड़कों के किनारे अपने तंबू लगा रखे हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि खड़ी कर रखी है। यही ट्रैक्टर ट्रॉली किसानों के घर, गोदाम तथा छाया सर्दी धूप बारिश से बचाओ आदि का काम करती है। किसानों ने आंदोलन के शुरूआत में शंभू व खनौरी सीमाओं से हरियाणा में प्रवेश की कोशिश की परन्तु सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक कर किसानों को हरियाणा में प्रवेश करते हुये दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। इसी बीच 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी जिसमें बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। किसान हालांकि अभी भी शंभू व खनौरी सीमाओं पर डेरा जमाये हुये हैं परन्तु उनकी तरफ से यातायात बाधित करने का न तो कोई प्रयास किया जा रहा है न ही उनकी मंशा जनता को परेशानी में डालने की है। जहां तक किसानों के दिल्ली कूच का प्रश्न है तो किसान कभी भी लुक छुप कर या सत्ता अथवा प्रशासन को धोखा देकर दिल्ली नहीं पहुँचते बल्कि दिल्ली चलो का नारा देकर पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार ही मार्च करते हैं। परन्तु सरकार ने गत 12 मार्च से ही शंभू व खनौरी सीमाओं के अतिरिक्त दिल्ली -हरियाणा-हिमाचल - चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को भी पूरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। जगह जगह मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। अकारण ही गांव व कस्बों से होकर ट्रेफिक मार्ग परिवर्तित किये जा रहे हैं। 12 मार्च से ही चंडीगढ़- अंबाला मार्ग पूरी तरह बाधित है जबकि अंबाला-चंडीगढ़ सीमा यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी पर किसानों का किसी भी तरह का न तो जमावड़ा है न ही किसानों ने फिलहाल इस मार्ग से दिल्ली जाने की कोई घोषणा की है। इसके बावजूद चंडीगढ़-अंबाला-दिल्ली मार्ग को बंद करने या परिवर्तित करने का आखिर क्या औचित्य है? किसान आंदोलन के नाम पर मार्ग बदले जाने से जनता बेहद परेशान है। चंडीगढ़ दिल्ली की यात्रा जो मात्र चार घंटे में तय होती थी अब 12-14 घंटों में तय हो रही है। कारें बसें आदि कस्बों व गांवों से होकर गुजरने से तंग रास्तों में जाम लगा रहता है। यात्रियों के साथ साथ उन गांव के लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिन्हें 24 घंटे जाम और यातायात प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। रुट बदलने के कारण जिन जिन कस्बों व गांव से ट्रेफिक मोड़ा गया है उन रास्तों के सैकड़ों मेन होल के ढक्कन टूट गए हैं। किसान आंदोलन के कारण जहाँ तमाम बसों का परिचालन बंद कर दिया गया है वही तमाम बसों के रुट भी बदले गये हैं। बसों का कोई टाइम टेबल नहीं रह गया है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। परन्तु अब सुखद खबर यह है कि अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे को पुलिस प्रशासन द्वारा आंशिक रूप से खोला जा रहा है। खबरों के अनुसार छः लेन के इस रास्ते में अभी केवल दोनों दिशाओं से दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग की केवल एक-एक लेन ही खोली जा रही है। यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी सीमा पर राजमार्ग की एक लेन खुलने के बावजूद अभी भी जाम की स्थिति बनी रहेगी। सवाल यह है कि किसान आंदोलन के नाम पर या इससे भयभीत होकर सरकार व प्रशासन द्वारा 20 दिनों से भी अधिक समय तक जनता को क्यों परेशानी में डाला गया? क्या सरकार को भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में लोगों की आवाज खासकर ह्यअन्नदाताओं ह्य की आवाज को कुचलने का सबसे आसान रास्ता यही नजर आया कि इंटरनेट बंद कर दिये जाएँ, रास्ते बंद कर दिये जायें, मार्ग परिवर्तित किये जायें, किसान प्रदर्शनकारियों के साथ दुश्मनों व घुसपैठियों जैसा व्यवहार किया जाये, उनपर लाठियां गोलियां आंसू गैस व पानी की तेज बौछारें इस्तेमाल की जायें? और इन सब सरकारी बंदिशों के चलते जनता को होने वाली परेशानियों की जिम्मेदारी किसानों पर ही मढ़ी जाये? और गोदी मीडिया भी सत्ता के साथ कदमताल करता हुआ किसानों को ही दोषी करार देने की कोशिश करे? बहरहाल, किसान आंदोलन यदि और तेज न हुआ और सरकार व किसानों के मध्य वार्ता के द्वारा कोई समाधान निकल आया फिर तो सुखद है। अन्यथा 12 फरवरी से बंद पड़े 6 लेन के अंबाला-चंडीगढ़-शिमला हाईवे की दोनों दिशाओं की केवल एक ही लेन 5 मार्च से खोलने से जनता को फिलहाल कुछ राहत तो जरूर मिलेगी। परन्तु बेहतर हो कि सरकार इन समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान निकाले और ऐसी व्यवस्था करे, ऐसी नीतियाँ व योजनाएं बनाये कि किसानों और सरकार के बीच टकराव की नौबत ही न आ सके? और किसान व सरकार के टकराव के बीच कम से कम देश की आम जनता को तो परेशानी न उठानी पड़े?

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

**1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की।**



**रमेश सर्राफ धमोरा-**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)



भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है। सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है। इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। याचिकाकताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। दिसंबर 2019 में याचिकाकताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 ( बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। कुछ दिनो पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तरफ से घोषित बीजेपी कैंडिडेट मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया है। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो रिजल्ट शीट है उसमें 12 वोट याचिकाकर्ता कुलदीप को मिले हैं। जबकि 16 वोट बीजेपी कैंडिडेट मनोज सोनकर को मिले थे और 8 बैलेट पेपर को पीठासीन अधिकारी ने अमान्य करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आठ बैलेट को मान्य करार दिया और कहा कि इनमें वोट कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह से कुलदीप कुमार को कुल 20 वोट मिले हैं और उन्हें मेयर पद पर विजेता घोषित किया जाता है।

# फेसबुक को पक्षाघात पर भक्तों का अरण्यरोदन....

राकेश अचल-

फेसबुक को बीती रात अल्प पक्षाघात हुआ तो पूरी दुनिया में फेसबुक के भक्त विचलित हो गए। लगा कि जैसे किसी ने उनकी जान ही छीन ली हो। मै भी इस भक्तमंडली का सदस्य था लेकिन फेसबुक के शांत होने के बाद मैंने भी चैन की सांस ली। मैंने बहुत कम अवसरों पर देखा है, जब लोग किसी चीज के लिए इतने परेशान और फिक्रमंद होते हैं। फेसबुक तो कोई चीज भी नहीं है। एक सेवा है किन्तु अपनी उपयोगिता की वजह से आज दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए प्राणवायु बन गयी है। दुनिया में जिंदगी के लिए जैसे भोजन -पानी और आक्सीजन आवश्यक है वैसे ही अब सोशल मीडिया एक आवश्यक अवयव बन गया है। अकेले फेसबुक दुनिया के 1560 मिलियन लोग फेसबुक की सेवाओं से जुड़े हैं, और ऐसे जुड़े हैं कि कुछ समय के लिए ही फेसबुक के बंद होने से सदमे की स्थिति में पहुँच गए। फेसबुक के हितग्राहियों की दशा ऐसी हो गयी जैसे किसी सांप के मुंह से उसकी मणि छीन ली गयी हो, या किसी मछली को पानी से निकाल कर गर्म रेत पर फेंक दिया हो। जाहिर है कि फेसबुक ने बीस साल में ही जनमानस पर अपना इतना प्रभुत्व बना लिया है की लोग उसके आदी हो गए हैं और एक पल भी फेसबुकाये बिना नहीं रह सकते। फेसबुक अनंग है। फेसबुक को शैव सम्प्रदाय का कोई हैकर ही अपनी तीसरी आँख से भस्म कर सकता है लेकिन हमेशा के लिए नहीं। फेसबुक की मारक क्षमता से समाज ही नहीं बल्कि सियासत भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है, बावजूद इसके फेसबुक अपनी जगह है, उसे मिटाने की, हैक करने की तमाम कोशिशें बार-बार नाकाम हो जाती है। 5 मार्च 2024 को भी ऐसी ही कोशिशें नाकाम हुईं और लोगों ने चैन की सांस ली। सवाल ये है कि गुण-दोषों से भरी फेसबुक आम आदमी की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन कैसे गयी ? इसके लिए हम खुद जिम्मेदार है। हमारी सियासत जिम्मेदार है। जिन्होंने लगातार ऐसी परिस्थितियां पैदा की जिसकी वजह से इंसान आपस में कटता चला गया। संवाद की सूरत लगातार कम होती चली गयी। आज फेसबुक है तो तमाम दूसरी बुक्स बेकार है। फेसबुक आज का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा लोकप्रिय महाग्रंथ बन चुका है। फेसबुक किसी से भेदभाव नहीं करता। फेसबुक की अपनी दुनिया है। अपने कानून हैं। अपने तौर-तरीके हैं। फेसबुक की अपनी कोई भाषा नहीं है। फेसबुक अपने उपयोगकताओं को अपनी पसंद की भाषा चुनने का अवसर देती है। फेसबुक का अपना लोकतंत्र है, अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, हालाँकि इसके अपने मापदंड हैं, सीमाएं है। फेसबुक भी अभिव्यक्ति की आजादी को एक सीमा के बाद पाबंद करती है किन्तु उस तरीके से नहीं जिस तरीके से आज दुनिया में तमाम धार्मिक और लोकतांत्रिक सरकारें कर रही हैं। फेसबुक दुनिया के तमाम सत्ता प्रतिष्ठानों के लिए खतरा है। इसीलिए जब तब दुनिया के तमाम देशों की सरकारें फेसबुक को प्रतिबंधित करने के लिए इंटरनेट को ही बंद करा देतीहैं। हमारे हिन्दुस्तान में तो ये सब आये दिन होता रहता है। कहते हैं कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी होती है, सो इसी तरह अमेरिका के एक कालेज छात्र मार्क जुकरबर्ग की मित्रों से जुड़े रहने की जरूरत ने 2004 में फेसबुक को जन्म दिया था जो आज दुनिया के एक बाद हिस्से की जरूरत बन चुकी है। दुनिया के के तमाम लोग जुकरबर्ग के शुक्रगुजार हैं फेसबुक बनाने के लिए। फेसबुक दुनिया का ऐसा मेला है जहाँ दशकों से गुम हुए लोग आपस में मिल जाते हैं। ये काम आसान काम नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया ने जीविका भवन स्थल पर लगे शीला पट का किया उद्घाटन

संग्रामपुर (मुंगेर)। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित जीविका भवन के निर्माण को लेकर प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत अंतर्गत नवगाईं गाँव में पंचायत के मुखिया हरिनंदन यादव एवं जीविका दीदियों के द्वारा मनरेगा के तहत 15 लाख 72 हजार की लागत से बनने वाले ग्राम संगठन भीओ के निर्माण स्थल पर लगे शीलापट का विधिवत उद्घाटन किया गया। निर्माण के शिलान्यास जिलाधिकारी अवनीश कुमार के द्वारा डिजिटल माध्यम से किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका निर्भय कुमार ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में जीविका भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस भवन में दो कमरे और एक बरामदा होगा। जहां जीविका दीदी बैठकर ग्रुप से संबंधित कार्य का संचालन करेंगी। मौके पर जीविका दीदी एवं जीविका के अन्य कर्मी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड उप प्रमुख कार्यालय का हुआ उद्घाटन

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित उप प्रमुख कार्यालय का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, उप प्रमुख अनिरुद्ध यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अजेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित नव निर्वाचित उप प्रमुख अनिरुद्ध यादव ने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों ने जिस आशा और विश्वास के साथ प्रखंड क्षेत्र के विकास का दायित्व मुझपर सौपा हैं। उस पर पूरे विश्वास के साथ खड़ा होकर दिखाऊँगा। उन्होनें कहा कि हम सभी पंचायत समिति सदस्यों को साथ लेकर क्षेत्र के विकास का कार्य करेगें। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के द्वारा नवनिर्वाचित उप प्रमुख को फूल का माला और बुके देकर सम्मानित किया। जहां उप प्रमुख ने अपने कार्यालय का कार्यभार संभाला।

### सेवा शक्ति केंद्र बरियारपुर ने आयोजित की जन संवाद कार्यक्रम

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर उत्तरी पंचायत के पंचायत भवन मे सेवा सक्ति केन्द्र बरियारपुर के सौजन्य से जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड बिकास पदाधिकारी शशिभूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रतन मंडल, बिनय कुमार गुड्डू, उप मुखिया करण साह, पंचायत सचिव राहुल कुमार उपस्थित रहे जहां बरियारपुर उत्तरी, कल्याण टोला, रतनपुर, बरियारपुर दक्षिणी व पड़िया पंचायत के स्वाश्रयी महिलाएं ने हर घर नल जल योजना के कार्यो पर अपनी आपत्ती दर्ज करते दिखी।

### अग्नि से बचाव को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

सबौर (भागलपुर)। जिला अग्निशमन विभाग भागलपुर के द्वारा जिले भर में गर्मी के आगमन को लेकर वृहित पैमाने पर अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर आम जनों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अलावा विभिन्न प्रतिष्ठान एवं संस्थान स्तर पर विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के माण्डवी गैस एजेंसी बरारी, बलदेव पेट्रोल पम्प जरलाही, उर्दू प्रा.वि. राजपुर सबौर, प्रा. वि. लालूचक नाथनगर, माँ शक्ति पेट्रोल पम्प कजरेली, इन्सीच्यूट ऑफ ब्रेन स्पाईन हॉस्पिटल भागलपुर, चन्द्रप्रभा एच.पी. गैस ऐजेंसी पंचायत चंधेरी मिजार्पुर सबौर, हमारा पेट्रोल पम्प विशनपुर जिच्छो लोदीपुर, घोष म.वि. चंपानगर नाथनगर, रघुचक पंचायत कटहारा सुलतानगंज, म. वि. कुमारपुर सुलतानगंज, पंचायत पिथना गोराडीह गांव इलाके में आमजनता के समक्ष अग्नि सुरक्षा से संबधित बैठक करने के साथ साथ अग्नि बचाव कार्य को लेकर मॉकड्रिल कराया गया। साथ ही विभाग द्वारा पम्पलेट, लिफलेट बाँटकर लोगों को आग के बचाव राहत को लेकर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया है। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ अन्य कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सदर प्रखंड प्रांगण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अधिकारी समेत कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका विकास मित्र सहित सभी लोगों को दिलाई गई शपथ

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। बुधवार को जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार सदर प्रखंड के प्रांगण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार ने किया जबकि संचालन प्रवीण चंद्रा कर रहे थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम उपस्थित अतिथि प्रमुख नरेश कुमार, पूर्व मुखिया महफूज आलम, वीडिओ विकास कुमार, बीएओ विनय कुमार, सीडीपीओ प्रियदर्शनी, बीपीआरओ एकता कुमारी, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की गई। वही आए हुए अतिथियों का लोकगीत गायक नंदन कुमार की द्वारा सर्वप्रथम स्वागत गान गाकर उनका स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया महफूज आलम उर्फ. खुर्शीद आलम ने काहे की मैं अपने पंचायत में 95% वोटिंग करवाने का प्रयास करूंगा। आप लोग भी अपने क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे वोट हमारा अधिकार है। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने अपने संबोधन में नारे माध्यम काहे की। लोकतंत्र की शक्ति का संकल्प ले आप जागरूक मतदाता है संकल्प ले मतदान करना है जरूरी चाहे जो भी हो मजबूरी कई तरह के शलोक से उन्होंने उपस्थित लोगों को जागरूक करने का काम किया। वहीं वीडिओ ने भी यह जागरूकता कार्यक्रम पंचायत स्तरीय तथा मतदान स्तरीय भी किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक मतदाता जागरूक हो सके और अपने मत का अधिक से अधिक प्रयोग कर सके। वही सीडीपीओ भी उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका तथा अन्य सभी लोगों को मतदान के प्रति अपने पोषक क्षेत्र में जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक का सोनी कुमारी, ज्योति सिंह, सैकड़ो आंगनबाड़ी सेविका सहायिका तथा अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद निस्तारण की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बारियारपुर (मुंगेर)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव सह न्यायाधीश मुक्तेश मनोहर के आदेश अनुसार प्रखंड बरियारपुर के बिंदा दियारा कल्याण टोला पंचायत में एससी एवं ओबीसी गांव में दरवाजे से दरवाजे कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलभी श्याम नंदन शर्मा एवं अजय कुमार ने सक्रिय रूप से कार्य किया आमलोगों की समस्या से अवगत होते हुए तथा समस्याओं के समाधान के लिए माननीय न्यायधीश महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही इसके अलावा पीएलभी ने जनता को कानूनी संबंधित जानकारी दिया जो कि उन लोगों को समय पर काम आ सके बताया कि 9 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय मुंगेर में किया जा रहा है जहां पर समझौते के आधार पर वाद का निस्तारण होगा आगे कहा की कई वर्षों से कटाव पीड़ित मुसहर जाति एवं गरीब परिवार ऋषि कुंड हाल्ट के इर्द-गिर्द विस्थापित की जिंदगी जी रहे हैं उनके इस समस्याओं से भी न्यायाधीश को अवगत कराया जाएगा।

## अलग-अलग मामले में चार वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके के कई थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खरीक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना खरीक पुलिस ने मारपीट व जानलेवा हमला सहित अन्य कांडों के प्राथमिकी अभियुक्त ध्रुवगंज गांव के मो. जब्बार अंसारी पिता स्व. खलीफा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही दूसरी ओर भवानीपुर थाना पुलिस ने मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम मामले के प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय मधुरापुर गांव इलाके में दबिश दे ग्रामीण साथ वांछित अभियुक्त मो. शान अली पिता स्व. तस्लीम को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही पुलिस ने शराब मामले के प्राथमिकी अभियुक्त मधुरापुर के रवि राज पिता सियाराम दास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जबकि दूसरी तरफ रँगरा थाना पुलिस ने मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम मामले के प्राथमिकी अभियुक्त भवानीपुर के विपिन यादव पिता गोरेलाल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शांतिपूर्ण धरना कार्यक्रम का हुआ सम्पन्न



- अपनी मुख्य मांगों को ले जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नवगछिया इकाई के जिला संयोजक राहुल शर्मा के नेतृत्व में नवगछिया अनुमंडल परिसर में शांतिपूर्ण धरणा दिया। इस दौरान राष्ट्रीय कला मंच दक्षिण बिहार प्रांत सह प्रमुख विश्वास वैभव ने बताया कि यह धरणा पश्चिम बंगाल के संदेशखली में ममता बनर्जी के पार्टी के नेता शाहजहां शेख के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने को लेकर दिया गया है। वर्तमान बंगाल की सरकार ऐसे बलात्कारियों को संरक्षण तथा विशेष सुविधा दे रही है जिससे पता चलता है कि बंगाल की सरकार जनता के कितनी सुरक्षा प्रदान करती है। गौरतलब है कि जिस प्रदेश की मुखिया एक महिला है, उस प्रदेश में ही महिला खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती है। जिसके विरोध में अभाविप ने देश भर के विभिन्न प्रांत के जिला स्तर पर मुख्य कार्यालय और कॉलेज कैंपस मे धरणा प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया है। इसी क्रम में जिले के कई कॉलेजों में अपनी मांगों को लेकर पुलिस जिला के अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया के माध्यम से भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा गया है। मामले को लेकर जिला संयोजक राहुल शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद समाज के हर एक अंग की चिंता करती है। नारी शक्ति हमारे समाज की आदर्श है इसकी रक्षा और सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। अगर जल्द से जल्द ऐसे बलात्कारियों पर कठोर फैसला नहीं लिया गया तो बलात्कारियों का बोल बाला बढ़ते रहेगा।

महिला कॉलेज अध्यक्ष साक्षी भारद्वाज ने बताया कि एक एक कार्यकर्ता बंगाल की महिलाओं के सम्मान में मैदान में कूद गया है। आगे हम सभी कार्यकताओं एक साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं व बहन बेटियों को न्याय दिलाकर ही रुकेंगे। मौके पर राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत सह संयोजक विश्वास वैभव, जिला संयोजक राहुल शर्मा, शिवम झा, विश्वजीत चौधरी, विक्की मिश्रा, अभिषेक, बालकृष्ण, राहुल, कविनव, साक्षी, सिंकु, संगम, कुसुम, ब्यूटी, तन्नू भारद्वाज, रफूजा शेख, दीक्षा, संगम आदि उपस्थित थे।

# शिविर के सातवां दिन योगाभ्यास कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जी बी कॉलेज नवगछिया इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सातवें दिन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. ऊषा शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के बीच योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक प्रणव, अभिलाषा, प्रज्ञा, नेहा, जिया, जुगनू, कुसुमलता, रिंकू, घनश्याम, शुभम, कुसुम, नुपुर, धीरज, मिलन, गौरव, शिवम, अंकुश, सईदा, सानिया, निकिता, सोनी, मोनिका, निशा, मनीषा, करीना, जिवाली, लक्ष्मी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को लेकर बताया कि कार्यक्रम के समापन को लेकर कॉलेज परिसर में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसके लिए कॉलेज प्रांगण में भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल व विशिष्ट अतिथि टीएमबीयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राहुल कुमार शामिल रहे थे। जिसके द्वारा सभी प्रशिक्षित स्वमसेवक को पुरुस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया। इस मौके पर कॉलेज के कई शिक्षकोत्तर कर्मचारियों के साथ साथ स्वमसेवक मौजूद थे।

## आपूर्ति विभाग की क्रियान्वयन योजनाओं को लेकर हुई बैठक: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की क्रियान्वयन योजनाओं की प्रगति की अध्यतन जांच समीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में संबंधित आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी को बताया गया कि वन नेशन, वन राशन के तहत निर्गत कार्ड से यदि 3 महीने तक खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाता है तो वह बंद हो जाएगा। साथ ही राशन कार्ड का आधार सीडिंग अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए सभी लाभुक अपने राशन कार्ड का आधार सीडिंग करवा लें, संबंधित जानकारी आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान के तहत साझा की जाय। साथ ही लंबित चल रहे नए राशन कार्ड का वितरण को लेकर कैंप मोड में कराने का निर्देश सभी एसडीओ को दिया गया है, साथ ही राशन कार्ड कहां उपलब्ध है, इसकी सूचना जिला के वेबसाइट पर देने हेतु अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का सत्यापन कार्य पंचायत समिति, कर्मचारी व आवास सहायक के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर कार्यपूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए है। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अलावा अन्य मौजूद थे।

# शिव शक्ति मंदिर में 10 क्विंटल लड्डू से भोलेनाथ को लगाया जाएगा भोग

- शहर में रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था हर मंदिरों में रहेगी मजिस्ट्रेट की तैनाती: एसएसपी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले भर में महाशिवरात्रि के मौके पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजन की तैयारी जोर शोर से चल रही हैं। त्यौहार आयोजन को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कई तरह के रणनीति तैयार की गई हैं। शिवरात्रि पर्व को लेकर जिले के सभी मंदिरों को अत्याधुनिक तकनीक के लाइट बत्तियों व फूलों से सजाया जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध बुढ़ानाथ मंदिर, आदमपुर स्थित शिव शक्ति मंदिर, खंजरपुर के भूतेश्वर नाथ मंदिर व नाथनगर के मनःकामना नाथ मंदिर व सबौर के दोमुंहा महादेव शिव मंदिर को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है, लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। वही आदमपुर के शिवशक्ति मंदिर में आयोजक समिति के द्वारा 10 क्विंटल लड्डू से भोलेनाथ को भोग लगाये जाने की जानकारी सामने आई हैं। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर लेकर भागलपुर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट गतिविधियों के साथ क्षेत्र इलाके में लागत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिले के सभी शिवालय व अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दंडाधिकारी के साथ पुलिस वालों की तैनाती की गई हैं। इस दौरान शिवालयों के अलावा अन्य मंदिर प्रांगण में भी डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। वही जिले में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अर्धसैनिक बल के जवानों को भी भागलपुर में बुलाया गया है। जिसकी टीम लगातार जिले के संवेदनशील ठिकानों के साथ साथ शहरी इलाकों में पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी।

## शिक्षा विभाग के द्वारा क्रियान्वयन योजना को ले हुई समीक्षा बैठक: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शिक्षा विभाग के क्रियान्वयन योजना की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शिक्षा विभाग को 48 हजार बेंच डेक्स क्रय करना है। इसके लिए 6-7 एजेंसी को आपूर्ति करने हेतु आदेश दिया गया है। इस दौरान संबंधित पदाधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया है कि शिक्षा विभाग के द्वारा चिन्हित कुल 233 वेंडर में से जो भी वेंडर बेंच-डेस्क बनाकर आपूर्ति करना चाहते हैं, उन्हें आपूर्ति करने हेतु चिह्नित किया जाय। साथ ही बेंच व डेस्क की गुणवत्ता के लिए वीडियोग्राफी कराया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई वेंडर व एजेंसी शिक्षा विभाग से चिह्नित नहीं है और आपूर्ति हेतु इच्छुक है तो वैसे वेंडरों से भी आवेदन लेकर उन्हें सूचिबद्ध कराने की कार्रवाई की जाय। वही समीक्षा के क्रम में एमडीएम के लिए थाली क्रय करने की समीक्षा जांच के क्रम में संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 1818 थाली क्रय करना था जिसमें अब तक 1475 थाली क्रय किया जा चुका है। शेष के लिए अहमदाबाद के एजेंसी को स्वीकृति आदेश पत्र भेज दिया गया है। वही उक्त जानकारी को लेने के साथ ही जिलाधिकारी ने शीघ्र ही शेष थाली आपूर्ति करवाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना का निर्माण कार्य तेजी से करा लिया जाय साथ ही जिन शिक्षकों का वेतन बकाया है उन्हें शीघ्र वेतन भुगतान कर दिया जाय, खासकर सेवानिवृत शिक्षकों का लंबित वेतन बकाया का निष्पादन अतिशीघ्र किये जाने का भी निर्देश दिये हैं, इसके लिए जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को एक प्रपत्र बना देने का भी निर्देश दिया गया है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क एवं संबंधित पदाधिकारी के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## बिहार लघु उद्यमी योजना के लाभार्थियों को मिला चेक

- मजदूर से मालिक तक का सफर अभियान शुरू: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि का चेक वितरण करते हुए उद्योग विभाग के अन्य योजनाओं का भी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। उक्त परिपेक्ष्य में भागलपुर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त, कुमार अनुराग, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र भागलपुर के खुशबू कुमारी व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत विभाग स्तर से चयनित लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि 50-50 हजार रुपए का चेक वितरण का आयोजन समाहरणालय, समीक्षा भवन, भागलपुर में किया गया। इस दौरान सामान्य कोटि के मो. कामरान जमाल को एयर कंडिसन रिपेयरिंग के लिए, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के नंदनी भारती को आई. टी. बिजनेस केन्द्र, अनुसूचित जाति के प्रियंका देवी को ब्यूटीपार्लर के लिए, पिछड़ा वर्ग के गौतम कुमार को आटा, सत्तु एवं बेसन उत्पादन के लिए, अनुसूचित जाति के सपना कुमारी को आचार, मुरब्बा उत्पादन के लिए प्रदान किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत सभी वर्गों के आर्थिक रूप से गरीब परिवार के आर्थिक उत्थान हेतु विभाग स्तर से भागलपुर जिले के लिए कुल 1148 लाभार्थियों को चैक वितरण सूची में शामिल किया गया है, जिनमें 390, महिला एवं 758 पुरूष हैं सभी चिन्हित लाभार्थियों के बीच कुल राशि बाईस करोड़ छियानवे लाख रुपए की राशि वितरण करने हेतु चयनित किया गया है, जिनमें सामान्य वर्ग के 168, पिछड़ा वर्ग के 254, अति पिछड़ा वर्ग के 504 एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के 222 लाभार्थी सूची में शामिल हैं। उक्त योजनान्तर्गत प्रत्येक लाभुकों को स्वरोजगार के लिए अधिकतम दो लाख रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जायेगी। इस राशि को 3 किस्तों में भुगतान किया जायेगा। प्रथम किस्त में परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, द्वितीय किस्त में परियोजना लागत की 50 प्रतिशत एवं तृतीय किस्त में परियोजना लागत की 25 प्रतिशत राशि दी जायेगी।

### होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान अस्पताल में हुई मौत

भागलपुर। बांका थाना में नियुक्त होमगार्ड के जवान फंटूश कुमार की पिपरा हॉल के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर बुरी तरह से कट गया। जिसे देख स्थानीय लोगों द्वारा होमगार्ड जवान के त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक द्वारा पटना रेफर किया गया था लेकिन उसकी स्थिति काफी नाजुक होती चली गई उसके बाद पुनः मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। वही मृतक होमगार्ड जवान को लेकर परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि बांका जिला के बांका थाना में बतौर होमगार्ड के पद पर कार्यरत था। जिसके बाद उनके पोस्टमार्टम प्रक्रिया को लेकर काफी समय तक कागजी प्रक्रिया को लेकर इन्तेजार करते दिख रहे थे।

# नोएडा के दंपति को सौपी गई बालिका: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिलाधिकारी कार्यालय बेस में दत्तक ग्रहण संस्थान की एक बालिका को सुपुर्द किये जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा दत्तक ग्रहण संस्थान की एक बालिका को दिल्ली नोएडा के एक दंपति को कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सुपुर्द किया गया है। इस संबंध में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नेहा नूपुर ने बताया कि दत्तक ग्रहण करने की दिशा में जारी निर्देश 2022 के अनुसार दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा एक बच्ची को दत्तक ग्रहण मे अंतिम रूप से देने हेतु आदेश पारित किया गया है। जिसके साथ ही नोएडा दिल्ली की रहने वाली दंपति शालिनी अग्रवाल ने दो साल की बच्ची को गोद लिया है। दंपति शालिनी पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। इसके पूर्व जिलाधिकारी के समक्ष दत्तक ग्रहण वाद को सुनवाई के लिए रखा गया था, इस दौरान जिला पदाधिकारी के द्वारा गोद दिये जाने के निर्णय के उपरांत उक्त बच्चे को उसके दत्तक ग्राही माता पिता को सौप दिया गया है। उक्त मौके पर दत्तक ग्राही अभिभावक, उनके परिजन व उप निदेशक श्रीमती नेहा नूपुर मौजूद थीं। वही श्रीमती नूपुर ने बताया कि दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की है। कोई दत्तक ग्राही माता पिता केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण (उअफ्भ) के पोर्टल पंजीकरण कर गोद लेने की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके लिए एक फोन नंबर, पैन कार्ड तथा ई- मेल आईडी की आवश्यकता होती है। इसके उपरांत नजदीकी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा दत्तक ग्राही माता पिता का होम स्टडी रिपोर्ट तैयार किया जाता है। इस पोर्टल पर दत्तक ग्राही माता-पिता अपनी एलिजिबिलिटी चेक कर सकते हैं। इस वेबसाइट के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम से बच्चा गोद लेना गैर कानूनी है। इसके लिए 3 साल तक की सजा या 1 लाख का जुमार्ना या दोनों हो सकती है। जिला अंतर्गत गोद लेने हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है। किसी परित्यज बच्चे के प्राप्त होने के उपरांत बच्चे को 24 घंटें के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने तथा कारा के वेबसाइट पर 24 घंटे के अंदर पंजीकरण करने का प्रावधान है। इसके उपरांत बच्चे का विज्ञापन प्रकाशित कर कोई दावेदार नहीं होने की स्थिति में बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त करने का प्रावधान है। बच्चे की दंपत्ति के साथ ऑनलाइन मैचिंग, एडोप्शन कमिटी की बैठक तथा जिला पदाधिकारी के समक्ष दत्तक ग्रहण संस्थान की ओर से वाद दायर करने का प्रावधान है। जिलाधिकारी के द्वारा लिए गए निर्णय के उपरांत गोद देने की कार्रवाई पूर्ण होती है। माता-पिता के द्वारा बच्चा प्राप्त करने के उपरांत दो साल तक नजदीकी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा फॉलोअप किया जाता है।

## जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय के प्रांगण से जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से जिला बाल संरक्षण इकाई के नेतृत्व में आम लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर उप निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई के नेहा नूपुर, संयुक्त निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाइल्ड हेल्प डेस्क के सभी कर्मी के अन्य कर्मी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा निकली गई इस जागरुकता रथ का उद्देश्य क्षेत्र में आम लोगों के बीच सरकार द्वारा पारित योजनाओं का जिला कार्यालय द्वारा संचालित उक्त संबंधित योजनाओ को प्रचार प्रसार के माध्यम से अवगत कराया जाना है। बाल संरक्षण को लेकर परवरिश, स्पांसरशिप, कन्या विवाह, कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु प्रावधान, चाइल्ड हेल्प डेस्क, ट्रांसजेंडर व्यक्ति के लिए सरकारी प्रावधान आदि का आमलोगों के बीच पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के साथ साथ आम लोगों के बीच विस्तृत जानकारी साझा करना है।

यह जागरूकता रथ जिले के 16 प्रखंडों में परिभ्रमण कर आम लोगों को जानकारी प्रदान करने के कार्य करेंगे। रथ में दत्तक ग्रहण एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित ऑडियो क्लिप के साथ हैंडबिल भी उपलब्ध है, जिसके द्वारा संबंधित लाभुक योजनाओं की जानकारी तथा लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी ले सकेंगे।

जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अनाथ व बेसहारा बच्चों, कुष्ठ या एचआईवी से पीड़ित बच्चों तथा कुष्ठ या एचआईवी से पीड़ित माता-पिता के बच्चों के लिए परवरिश योजना संचालित है। इसके तहत 18 वर्ष तक के बच्चों को 1हजार रुपया प्रतिमाह भुगतान किया जाना सुनिश्चित है।


स्पांसरशिप योजना के तहत विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा महिला के बच्चों तथा शारीरिक व मानसिक रूप से बच्चों के पालन में असमर्थ माता-पिता के बच्चों को 4 हजार रुपया प्रतिमाह 18 वर्ष की उम्र तक भुगतान का प्रावधान का भी निर्धारित है।

## संक्षिप्त समाचार

### डोपिंग बैन कम होने के बाद

# टेनिस में वापसी को लेकर उत्सुक सिमोना हालेप

**नई दिल्ली, एजेंसी** । पूर्व विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप खेल मध्यस्थता अदालत (सीएएस) द्वारा उनके चार साल के प्रतिबंध को घटाकर 9 महीने करने के बाद नए जोश के साथ टेनिस में वापसी करने के लिए उत्सुक हैं।



इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) इंडिपेंडेंट ट्रिब्यूनल ने हालेप को डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन (एडीआरवी) का दोषी पाया था और पिछले सितंबर में उन पर चार साल का बैन लगाया था। लेकिन अब इस बैन को कम कर दिया गया है। अब, पूर्व विश्व नंबर एक जल्द से जल्द दौरे पर लौटने के लिए स्वतंत्र है, क्योंकि वह पहले ही 9 महीने का निलंबन झेल चुकी है। सीएएस के फैसले के बाद सिमोना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज एक महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि ट्रिब्यूनल ने अपना फैसला सुनाया है। इस चुनौतीपूर्ण यात्रा के बीच, सत्य की अखंडता और न्याय के सिद्धांतों में मेरा अटूट विश्वास मेरा हथियार रहा है। गंभीर आरोपों और विरोध का सामना करने के बावजूद मैंने हार नहीं मानी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन हालेप को 7 अक्टूबर, 2022 को प्रतियोगिता से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। जब यह घोषणा की गई थी कि उन्होंने 2022 यूएस ओपन में प्रतिबंधित पदार्थ रोक्साडस्टैट के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था। बाद में उन्होंने इसके सेवन से इनकार कर दिया और दूषित पोषण अनुपूरक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। हालेप ने 2022 यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है।

# शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद

**नई दिल्ली, एजेंसी** । डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर



इतिहास रच दिया। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद है। शबनीम ने मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर यह रिकॉर्ड बनाया। इस खतरनाक गेंद का सामना कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने किया। हालांकि, लैनिंग इस गेंद को खेलने से चूक गई, यह गेंद फ्रंट पैड पर लगी। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाली इस खिलाड़ी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद इस्माइल के नाम दर्ज है, उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। हालांकि, अपनी तेज गति से चर्चा में आने वाली इस्माइल इस मुकाबले में अपनी टीम के लिए थोड़ी महंगी साबित हुई। बात अगर मैच की करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/4 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 163/8 रन ही बना सकी, इस तरह दिल्ली को 29 रनों से जीत मिल गई।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# वानखेड़े में मुंबई वर्सेस विदर्भ फाइनल...

### बादशाह को मांद में प्यादे की चुनौती, हर चाल पर जान की बाजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2023-24 सीजन का खिताबी मुकाबला 10 मार्च से मुंबई और विदर्भ के बीच होगा। महाराजा रणजीत सिंह के नाम खेली जाने वाली ट्रॉफी पहला सीजन 1934-35 में हुआ। तब से अब तक मुंबई 41 बार खिताब जीत चुकी है। उसने भारत को महान सुनील गावस्कर से सचिन तेंदुलकर से लेकर मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा तक को दिया। उसका देश में क्रिकेट के लिहाज से ओहदा बादशाह का है तो दूसरी ओर उसके ही राज्य की टीम विदर्भ है। देखा जाए तो 89वां सीजन का फाइनल बादशाह और क्रिकेट के प्यादे के बीच है। इस सदी में ही मुंबई 7 खिताब जीत चुकी है और सिर्फ 6 बार ही खिताबी मुकाबले में उसे हार मिली है। मौजूदा टीम में इंटरनेशनल क्रिकेटरों की भरमार है। कप्तान अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर सहित कई बड़े नाम हैं तो दूसरी ओर विदर्भ टूर्नामेंट में विपक्षी टीमों को डॉमिनेट करते हुए यहां तक पहुंची है। देखा जाए तो मुंबई सम्मान और विदर्भ इतिहास रचने के लिए क्रिकेट के मैदान पर हर चाल बड़ी सोच समझकर चलेंगे। एक-एक कदम पर जान की बाजी लगा देंगे।

### 6 सीजन से खिताब का इंतजार

मुंबई को 6 सीजन से रणजी ट्रॉफी खिताब का इंतजार है। आखिरी बार 2015-16 में सौराष्ट्र को हराकर टीम चैंपियन बनी थी। तब फाइनल में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा रहे सिर्फ दो ही खिलाड़ी अभी टीम में हैं। श्रेयस अय्यर ने तब 117 रनों की पारी खेली थी। शार्दुल ठाकुर ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी 5 विकेट लिए थे। तब से मुंबई दो फाइनल हार चुकी है। अभी तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जब मुंबई को लगातार दो बार फाइनल में हार मिली हो।

### सबसे ज्यादा रणजी ट्रॉफी खिताब

| टीम | विजेता | रनरअप |
|---|---|---|
| मुंबई/बॉम्बे | 41 | 6 |
| कर्नाटक/मैसूर | 8 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 8 |
| मध्य प्रदेश/होल्कर | 5 | 7 |
| बड़ौदा | 5 | 4 |

### फाइनल में सिर्फ 6 बार हार

मुंबई की टीम को अभी तक सिर्फ 6 ही बार फाइनल में हार मिली है। पहली बार 1948-49 सीजन में मुंबई फाइनल में जाने के बाद विजेता नहीं बन पाया था। तब होल्कर ने उसे 9 विकेट से हराया था। आखिरी बार 2021-22 सीजन में मुंबई फाइनल में जाने के बाद हारी थी। मध्य प्रदेश के हाथों मुंबई को हार का सामना करना पड़ा था।

### रणजी फाइनल में मुंबई को हराने वाली टीम

| सीजन | विजेता | अंतर |
|---|---|---|
| 1947-48 | होल्कर | 9 विकेट |
| 1979-80 | दिल्ली | 240 रन |
| 1982-83 | कर्नाटक | पहली पारी में बढ़त |
| 1990-91 | हरियाणा | 2 रन |
| 2016-17 | गुजरात | 5 विकेट |
| 2021-22 | मध्य प्रदेश | 6 विकेट |

### बल्लेबाजी का गढ़ मुंबई

मुंबई की रणजी ट्रॉफी में सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी बैटिंग है। मुंबई ने भारतीय क्रिकेट को कई बड़े बल्लेबाज दिए हैं। पोली उमरीगर, अजित वाडेकर, विजय मर्चेंट, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री सचिन तेंदुलकर, दिलीप वेंगसरकर, रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे मुंबई के हैं। रहाणे तो इस रणजी सीरीज में मुंबई की कप्तानी भी कर रहे हैं। अभी मुंबई की टीम में शामिल पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर, श्रेयस अय्यर जैसे नाम भारत के लिए खेल चुके हैं।

# चहल का चला जादू, झटके चार विकेट

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल की जादुई गेंदबाजी की बदौलत इनकम टैक्स ने मंगलवार को डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी ग्राउंड में डीवाई पाटिल टी20 कप में केनरा बैंक को 135 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद, विशांत मोरे (61) और शेल्डन जैक्सन (32) के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से



इनकम टैक्स को अच्छी मदद मिली। बाद में कप्तान महिपाल लोमरोर ने सिर्फ 21 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 49 रनों की तेज पारी खेली। अंत में सुमित कुमार ने 18 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 53 रनों की बेहतरीन नाबाद पारी खेली। इनकम टैक्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 244 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में केनरा बैंक की पारी बिना किसी संघर्ष के सिमट गई और वे 16 ओवर में मात्र 109 रन पर आउट हो गए। गेंद के साथ स्टार चहल (4-22), प्रदीप्ता प्रमाणिक (2-24) और सुमित कुमार (2-13) थे। डीवाई पाटिल स्टेडियम में, रिलायंस 1 ने जैन इरिगेशन के खिलाफ 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाए। बल्ले से प्रमुख योगदानकर्ता नमन धीर (55) और तिलक वर्मा (40) थे। जैन के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अरशद खान (2-27) और मयंक यादव (2-45) थे। जवाब में जैन ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। अंत में सूरज शिंदे (30 नाबाद ) और अरशद खान (40 नाबाद) ने नौवें विकेट के लिए 53 रन की अटूट साझेदारी की। अंत में जैन को अंतिम गेंद पर छक्का चाहिए था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके और पांच रन से हार गए। जैन इरिगेशन की पारी 20 ओवर में आठ विकेट पर 182 रन पर ठिठक गई। रिलायंस 1 के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज नमन धीर (2-26), देव लाकड़ा (2-12) और कप्तान पीयूष चावला (2-41) थे।

# सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ, 75,000 खिलाड़ी लेंगे भाग: अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर, एजेंसी।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक बार फिर हमीरपुर में युवा खेल प्रतिभाओं को शानदार मंच प्रदान करते हुए मंगलवार को बिलासपुर स्थित लूहणू क्रिकेट ग्राउंड में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ उपस्थित रहे। इसके अलावा लखविंदर सिंह वडाली, कुलदीप शर्मा नाटी किंग , पाइंस ऑफ़ हार्मेनी हिमाचल पुलिस बैंड और अपारशक्ति खुराना ने भी शुभारंभ समारोह की शोभा बढ़ाई। सांसद खेल महाकुंभ शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर का लुहणु मैदान शानदार आतिशबाज़ी से नहा गया। खेल महाकुंभ का भव्य आगाज करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि खेलोगे तभी खिलोगे और इसीलिए सांसद खेल महाकुंभ आयोजन मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है बल्कि उन्हें




राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का भी अवसर दे रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलने, खिलने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सांसद खेल महाकुंभ सबसे बड़ा मंच बना है। सांसद खेल महाकुंभ के पहले संस्करण में 40,000 और दूसरे संस्करण में 45,000 लोग शामिल हुए थे। इस बार हमने 75,000 खिलाड़ियों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। आयोजन का भाग बनने वाले सभी खिलाड़ियों को मैं अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हो रहे इस भव्य आयोजन को देखकर रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ काफी खुश दिखे और खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी किया। खेल महाकुंभ के बारे में बोलते हुए राहुल द्रविड़ ने कहा खेल महाकुंभ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की अनुराग ठाकुर की एक अच्छी पहल है। जितना मैंने इस कार्यक्रम को देखा समझा तो ज़मीनी स्तर पर खिलाड़ियों को मंच देने, उनके अंदर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने व उनकी प्रतिभा को निखारने का यह एक अनूठा मॉडल है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। ऐसे ही आयोजनों से देश को भविष्य के खिलाड़ी मिलते हैं जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का झंडा बुलंद करते हैं। अनुराग ठाकुर और इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मैं अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ। रोहित शर्मा ने अनुराग ठाकुर द्वारा आयोजित इस वृहद खेल कार्यक्रम को युवाओं के लिए बेहद सार्थक पहल बताया।

अनुराग ठाकुर ने इस बार के आयोजन में शामिल की गई खेल विधाओं और अन्य जरूरी जानकारी देते हुए कहा, इस बार खेल महाकुंभ में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। गांव/पंचायत स्तर की टीमों को सभी खेल विधाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएंगी।

### उसने मेरा फोन काट दिया...

# अश्विन के 100वें टेस्ट से पहले विवाद, पूर्व क्रिकेटर ने लगाए गंभीर आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे। भारत के लिए अब तक 99 टेस्ट मैच खेल चुके अश्विन इस फॉर्मेट में 500 से अधिक विकेट ले चुके हैं। ऐसे में इस 100वें टेस्ट के खास मौके पर पूरा क्रिकेट वर्ल्ड अश्विन के इस ऐतिहासिक पल के जश्न मनाने की तैयारी में है, लेकिन पूर्व भारतीय स्पिनर लक्ष्मण शिवारामकृष्णन अश्विन के व्यवहार से खुश नहीं हैं। शिवारामाकृष्णन ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि अश्विन ने उनके फोन कॉल काट दिए और उन्हें 100वें टेस्ट की बधाई के संदेश का भी कोई जवाब नहीं दिया। पूर्व भारतीय स्पिनर ने सोशल मीडिया पर लिखा, उन्हें उनके 100वें टेस्ट के लिए शुभकामनाएं देने के लिए कुछ बार फोन करने की कोशिश की। उन्होंने मेरा फोन काट दिया। उन्हें एक संदेश भेजा, जिसका कोई जवाब नहीं मिला। यही सम्मान हमें पूर्व क्रिकेटरों को मिलता है।

# विलियमसन ने कहा, नील वैगनर को संन्यास के लिए 'बाध्य' नहीं किया

**क्राइस्टचर्च।** केन विलियमसन ने बुधवार को पूर्व बल्लेबाज रोस टेलर के इस सुझाव को खारिज कर दिया कि न्यूजीलैंड के शीर्ष तेज गेंदबाज नील वैगनर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुरू होने से पहले 'संन्यास लेने के लिए बाध्य' किया गया था। वैगनर ने वेलिंगटन में पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की भावनात्मक घोषणा की जब चयनकर्ताओं ने उन्हें बताया कि उन्हें टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया जाएगा।

# पदार्पण टेस्ट में तेंदुलकर और द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों को देखना 'सपने' जैसा था: विलियमसन

**क्राइस्टचर्च।** अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने बुधवार को उस पल को याद किया जब 2010 में अहमदाबाद में पदार्पण टेस्ट मैच में वह सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे महान खिलाड़ियों से घिरे हुए थे।विलियमसन ने कहा कि जिन खिलाड़ियों को देखते हुए वह बड़े हुए थे उनके सामने खेलने का मौका मिलना किसी सपने के सच होने जैसा था। ड्रॉ पर छूटे इस टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के लिए पहली पारी में 131 रन बनाकर विलियमसन ने अपने टेस्ट करियर का शानदार आगाज किया था। वह शुक्रवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में 100 टेस्ट शतकों का आंकड़ा पूरा करेंगे। विलियमसन ने संवाददाताओं से कहा, मुझे याद है जब मैं मैदान में उतरा तो वहां ऐसे खिलाड़ी मौजूद थे जो मेरे लिए नायक की तरह थे और मैं उनके खेल को देखते हुए बड़ा हुआ था। उस टीम में ऐसे सभी खिलाड़ी थे जिन्हें मैं पसंद करता था।" उन्होंने कहा, वहां तेंदुलकर, लक्ष्मण और द्रविड़ जैसे खिलाड़ी थे और मैं सोच रहा था कि मैं यहां कैसे हूं। बेहतर होगा कि मैं गेंद को देखना शुरू करूं और प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश करूं।"

# सरकारी नौकरी के लिए पात्र होंगे खेलो इंडिया के पदक विजेता

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि संशोधित मानदंडों के बाद खेलो इंडिया के पदक विजेता भी अब सरकारी नौकरी पाने के लिए पात्र होंगे। ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने तथा खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलने" के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल मंत्रालय के परामर्श से सरकारी नौकरीचाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन किया है। ठाकुर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा,"खेलो इंडिया खेलों (युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन) के पदक विजेता खिलाड़ी अब सरकारी नौकरी पाने के पात्र होंगे।" खेलो इंडिया खेलों का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था।

बिहार सरकार

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या –8 वर्ष– 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्म/कंपनी से दिनांक 18.03.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक निदेशानुसार आपूर्ति कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन 1:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायगा।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0,पटना

PR. No. 018942 (BCD) 2023-24

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
पुर्न अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 170 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **18.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Supply & Installation of Wireless Audio Conference System in SAMVAD at C.M. Secretariat 4 Desh Ratna Marg (Part A), Patna for the year 23-24. | | | |
| 02- | Supply & Installation of Wireless Audio Conference System in SAMVAD at C.M. Secretariat 4 Desh Ratna Marg (Part B), Patna for the year 23-24. | | | |
| 03- | Supply & Installation of Wireless Audio Conference System in SAMVAD at C.M. Secretariat 4 Desh Ratna Marg (Part C), Patna for the year 23-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 019042 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–1990 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **16.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Supply of Submersible Motor and Starter in the Campus of Residence No.- 1 at Anney Marg, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 02. | Emergent P.H. Work in Extended Building of Block - 02 at Bihar Vidhan Mandal, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 03. | Supply and Installation of P.H. Work in B.M.P. Barrack and Gate No. - 1 at Anney Marg, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 04. | Renovation of P.H. Work in Residence No. - 21M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05. | Supply and Installation of Air Condition in South Bihar Circle and Central Division Office, Patna for the year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR- 019044 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

